सुविचार
आपका दर्द, किसी के लिए हँसने की वजह बन जाये पर ध्यान देना आपकी हँसी कभी भी किसी के दर्द की वजह नहीं बननी चाहिए।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 8, अंक-4 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 03 मार्च 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु आज करेंगी 7वें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का उद्घाटन

**नए युग में मानववाद का सिद्धांत की थीम पर होगा सम्मेलन**

**राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री श्री चौहान भी होंगे शामिल**

**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को दोपहर 12:20 बजे 7वें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का उद्घाटन कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में करेंगी। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर और साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता शामिल होंगी। नए युग में मानववाद के सिद्धांत पर केंद्रित सम्मेलन 3 से 5 मार्च तक होगा। धर्म-धम्म के वैश्विक विचारों को एक मंच प्रदान करने वाले इस सम्मेलन में 15 देशों से 350 से अधिक विद्वान शामिल हो रहे हैं। इसमें भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मॉरिशस, रूस, स्पेन, फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन की सहभागिता रहेगी।

## 4 मुख्य सत्र में 25 विद्वान का होगा संबोधन



तीन दिवसीय सम्मेलन में 4 मुख्य सत्रों में 25 विद्वान अपने विषय का निरूपण करेंगे। इसी दौरान 15 समानान्तर-सत्र भी होंगे, जिसमें सम्मेलन की थीम 卐नए युग में मानववाद का सिद्धांत卐 पर केंद्रित 115 शोध-पत्र पढ़े जाएंगे। पहले दिन उद्घाटन-सत्र के अतिरिक्त एक अनूठा मंत्री सत्र भी होगा, जिसमें 5 देशों के मंत्री सांस्कृतिक सामंजस्य और विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। इस सत्र में भूटान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, नेपाल और भारत के मंत्री शामिल होंगे। कीनोट-सत्र में राम जन्म-भूमि न्यास के सचिव स्वामी श्री गोविंद देव गिरी महाराज, श्रीलंका के प्रो. कोटापितिये राहुल अनुष्का थेरो और स्वामीनारायण शोध संस्थान अक्षरधाम के महोमुखोपाध्याय श्री साधु भद्रेश दास अपने विचार व्यक्त करेंगे। मुख्य-सत्र में अमेरिका से प्रो. डेविड फॉले, ब्रिटेन के डॉ. इयान बेकर, दक्षिण कोरिया के प्रो. जियो ल्योंग ली, थाइलैंड से डॉ. सुपची वीरपुचांग, चिन्मय मिशन के स्वामी मित्रानंद और पंजाब केंद्रीय विवि के चासंलर प्रो. जगबीर सिंह मौजूद रहेंगे।

## क्या है प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के संरक्षण का मौलिक अधिकार जानिए/Fundamental of Right......

एक व्यक्ति को स्वतंत्रता के साथ जीवन जीने का अधिकार भी प्राप्त होता है इसी संदर्भ में भारतीय संविधान के व्यक्तियों को जीवन जीने के अधिकार को एक मूल अधिकार के रूप में स्थान दिया गया है। प्राण और दैहिक स्वतंत्रता अर्थात जीवन एवं शारीरिक आज़ादी की स्वतंत्रता का अधिकार सम्पूर्ण संविधान का सार भी कहा जा सकता है, जानते हैं भारतीय संविधान के अनुसार क्या है प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार।



-लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 21 की परिभाषा(सरल एवं संक्षेप शब्दों में)-**

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 भारत के नागरिकों एवं विदेशी नागरिकों को भी जीवन एवं शारिरिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है अगर हम प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के संरक्षण अधिकार की बात करे तो यह बहुत ही विस्तृत अधिकार है इसके अंतर्गत-

1. निशुल्क चिकित्सा प्राप्त करने का अधिकार।
2. राज्य से प्रतिकर प्राप्त करने का अधिकार।
3. निन्शुल्क अनाज(भोजन)खाद्यान्न पदार्थ प्राप्त करने का अधिकार।
4. आश्रय(आवास) प्राप्त करने का अधिकार।
5. निजता का अधिकार।
6. शारिरिक सुरक्षा प्राप्त करने का अधिकार।
7. राज्य से निःशुल्क विधिक सहायता लेने का अधिकार।
8. सम्मान-जनक जीवन जीने का अधिकार।
9. स्वच्छ वायु,पानी,बिजली पाने का अधिकार।
10. स्वच्छ पर्यावरण प्राप्त करने का अधिकार।
11. बालक एवं महिला को संरक्षण एवं सुरक्षा प्राप्त करने का अधिकार।
12. निर्धन, गरीब व्यक्ति को व्यक्ति को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता, राशन प्राप्त करने का अधिकार।
13. विधायिका, कार्यपालिका से संरक्षण प्राप्त एवं अवैथ विधि को अपास्त करने का अधिकार।

अनुच्छेद 21 उक्त अधिकार से भी और विस्तृत हैं जो नागरिकों को उच्चतम न्यायालय द्वारा समय समय पर प्राप्त होते हैं।

## विवाहित स्त्री की आत्महत्या कब पति एवं उसके माता पिता को जेल भेज सकती है जानिए/legal advice.......

कहते हैं महिलाएं जब शादी करके सुसराल जाती है तो वह अपने माता पिता एवं भाई बहन को छोड़कर जाती है ससुराल में पति एवं पति के माता पिता, भाई ही अब उसका अपना परिवार होता है। लेकिन वर्तमान स्थिति में महिलाओं को ससुराल में एक नोकरानी की तरह रखा जाता है उन्हें किसी भी प्रकार के अधिकार नहीं दिए जाते हैं। अक्सर देखा जाता है कि पति, सास-ससुर या पति के नातेदार द्वारा उन्हें इतना परेशान दिया जाता है कि वह अपनी परेशानिया आपने माता पिता या रिश्तेदार को भी नहीं सुना सकती है एवं घुठ-घुठ कर आत्महत्या कर लेती है या आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाती है। परन्तु ऐसी पीड़ित महिलाओं के लिए भारतीय क़ानून में दण्ड का ठोस प्रावधान है जानिए।



कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)
7999293638

**भारतीय साक्ष्य अधिनियम,1872 की धारा 113(क) की परिभाषा?**

अगर कोई विवाहित स्त्री शादी के सात साल के भीतर पति या पति के नातेदार से प्रताडित होकर या उत्प्रेरणा के कारण आत्महत्या कर लेती है या आत्महत्या की कोशिश करती है तब न्यायालय का उक्त धारा के अंतर्गत यह उपधारणा (अनुमान) करना ठोस साक्ष्य होगा की स्त्री द्वारा किया गया कृत्य पति या पति के नातेदार के दुष्प्रेरण(उकसाहट) द्वारा किया गया था।

## नगर परिषद डूमरकछार निवासी बी.एल. पनिका उर्फ राजवीर उन्नति की एक और कदम की ओर, देश के नामी ट्रेड यूनियन हिन्द मजदूर सभा (HMS) एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के संयुक्त सलाहकार समिति (JCC) के सदस्य बनाये गयें

**कैलाश कुमार,सह सपांदक**

अनूपपुर। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत नगर परिषद डूमरकछार (झीमर) निवासी बी.एल. पनिका उर्फ राजवीर को एक वर्ष पूर्व देश के नामी ट्रेड यूनियन हिन्द मजदूर सभा/कोयला मजदूर सभा (HMS), एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र का कार्यकारी अध्यक्ष (Working President) बनाया गया था, आज एक वर्ष उपरांत उनके मजदूर हितो के प्रति लगन और उनके दमदार नेतृत्व क्षमता को देखते हुये हिन्द मजदूर सभा/कोयला मज़दूर सभा (HMS), एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र का संयुक्त सलाहकार समिति (JCC) का सदस्य बनाया गया है, ॥स्र्- यूनियन मे इतना बड़ा दायित्व मिला ये श्री पनिका के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है साथ ही क्षेत्र के लिये गौरव का विषय भी है।



## मुख्यमंत्री ने सफल विकास यात्रा और जन-कल्याण के प्रयासों के लिए कलेक्टर्स को दी बधाई

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सफल रही विकास यात्रा और मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में कलेक्टर्स और उनके अमले ने सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए कलेक्टर्स बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स और अन्य अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आम जनता के कल्याण के लिए विकास यात्रा उपयोगी रही। विभिन्न जिलों के जन-प्रतिनिधि और नागरिकों से भी एक स्वर में यही सुनने को मिला कि विकास यात्रा और मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान अद्भुत रहा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आशा व्यक्त की कि आम जनता के कल्याण से जुड़ी योजनाओं के बेहतर अमल के लिए भविष्य में भी इसी तरह कार्य सम्पन्न होगा।



# 5 मार्च को लान्च होगी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

- *इसी माह प्रारंभ हो जाएगा प्रपत्र भरवाने का अभियान*
- *मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की तैयारियों की समीक्षा*

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना गरीब बहनों के जीवन में सकरात्मक बदलाव लाएगी। यह अति महत्वपूर्ण योजना है। इसे जमीन पर क्रियान्वित करने के लिए सभी को जुटना है। भोपाल में रविवार, 5 मार्च को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में योजना विधिवत लांच की जाएगी। कार्यक्रम में भोपाल के अलावा निकटवर्ती जिलों की बहनें भी शामिल होंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान कार्यक्रम में स्वयं एक बहन का प्रपत्र भरवा कर उपस्थित बहनों को योजना की जानकारी प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिला-बाल विकास विभाग ने जिला स्तर पर योजना के क्रियान्वयन के लिए विस्तृत निर्देश भेजे हैं। बहनों के प्रपत्र भरवाने के दौरान बैंक खाते को आधार से लिंक करवाने, आधार एनरोलमेंट और उसके अपडेशन के साथ अन्य तकनीकी आवश्यकताओं की पूर्ति के बारे में भी बताया गया है। प्रपत्र भरवाने वाले अमले को इस कार्य का पूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे वे योजना के लिए पात्र बहनों की समुचित सहायता कर सकें। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज निवास कार्यालय समत्व भवन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लांच की तैयारियों संबंधी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से महिला-बाल विकास विभाग, समस्त कमिश्नर्स,कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिका निगम एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के प्रपत्र भरवाने के लिए अमले को प्रशिक्षित कर इस कार्य में दक्ष बनाया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहुआयामी और एक मिशन है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की सामान्य वर्ग की गरीब बहनों के साथ ही अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की बहनों को न्याय देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाएँ अब इस योजना से आर्थिक उन्नयन प्राप्त कर परिवार के स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रभावी होंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिलों में इस माह प्रत्येक वार्ड और ग्राम स्तर पर होने वाले शिविरों में बहनें एकत्र होंगी। योजना की तैयारियों में कहीं से कोई गड़बड़ी की शिकायतें न आएँ। प्रशासनिक अमला मिशन मोड में कार्य करें। कोई भी पात्र बहनें छूटे नहीं। फार्म भरने की प्रक्रिया सरल हो। जन-प्रतिनिधि भी सहभागी बनें। प्रपत्र भरवाने के कार्य में पूरी पारदर्शिता हो। उल्लेखनीय है कि योजना से गरीब वर्ग की महिलाएँ प्रतिमाह 1000 रूपए प्राप्त करेंगी। योजना के लिए पात्रता संबंधी जिला स्तर तक पूरा विवरण भेजा गया है। प्रमुख सचिव महिला-बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने प्रेजेंटेशन दिया। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## पन्ना मझगाय परियोजना से अजयगढ़ के सौ से अधिक गाँव होंगे लाभान्वितः मंत्री श्री सिंह

**भोपाल।** श्रम एवं खनिज साधन मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने आज विधानसभा स्थित कक्ष में पन्ना जिले की पन्ना मझगाय परियोजना व जल जीवन मिशन के संबंध में आयोजित बैठक में कहा कि पन्ना मझगाय परियोजना से पन्ना के अजयगढ़ स्थित सौ से अधिक गाँव लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से लाखों ग्रामीणवासियों को जल जीवन मिशन के माध्यम से पानी की पूर्ति का लाभ मिलेगा। खनिज मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यह पन्ना के अजयगढ़ में निवास कर रहे ग्रामीणों के लिए पन्ना मझगाय परियोजना महत्वकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि अजयगढ़ के ग्रामीण कई वर्षों से पेयजल के संकट का सामना कर रहे थे। श्री सिंह ने परियोजना को सुचारू रूप से संचालित करने और आपसी सामंजस्य के साथ कार्य के निर्देश दिये। बैठक में लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, पन्ना जिले के प्रभारी व आयुष मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे, जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला, जल प्रबंधन निगम संस्थान के एमडी श्री बाला गुरु, पीएचई विभाग के ईएनसी श्री एस.के. अंधवान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस विभाग में आउटसोर्स पर भर्तियां न करने का परिसंघ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र


**(भीम आर्मी, जयस,ओ बी सी महासभा और अजाक्स कर चुके हैं बड़े प्रदर्शन)**

**ग्वालियर।** 2 मार्च मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस विभाग में 10 हजार नियमित पदों को समाप्त कर आउटसोर्स पर भर्ती किए जाने का विरोध परिसंघ ने किया है। परिसंघ के प्रांतीय महासचिव नरेंद्र चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस विभाग में पुलिस के डाटा एनालिसिस और रिकॉर्ड मैनेजमेंट, साइबर फॉरेंसिक वीआईपी ड्यूटी, पुलिस वेरिफिकेशन, पासपोर्ट चरित्र प्रमाणपत्र, रिकॉर्ड कीपिंग, ट्रेड्समैन, पुलिस पुलिस बैंड, सॉफ्टवेयर कॉल सेंटर आदि 50 से अधिक सेवाएं आउटसोर्स के माध्यम से किए जाने के विरोध में ई-मेल एवं रजिस्टर्ड के माध्यम से संगठन ने अपना विरोध प्रकट किया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रदेश में बेरोजगारी के चलते हजारों लाखों युवा बेरोजगार हैं जिससे उनके मन में सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है यदि नियमित पदों को समाप्त कर आउटसोर्स पर भर्तियां पुलिस विभाग में की जाती हैं तो प्रदेश के लाखों युवा इसका विरोध करेंगे इसके साथ साथ आउट सोर्स मैं मध्य प्रदेश शासन के आरक्षण नियमों का कोई प्रावधान नहीं होने के कारण अनुसूचित



नागेश नरवरिया
प्रधान संपादक






जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं में अच्छी खासी नाराजगी मिल सकती है विज्ञप्ति में बताया गया है कि मध्यप्रदेश में केवल फरवरी माह में ही अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग के बेरोजगारों कर्मचारियों द्वारा 5 से 7 लाख से अधिक की संख्या में भोपाल पहुंचकर यह बताने मे सफल रहे हैं कि सरकार की संबिदा और आउटसोर्श आदि की नीतियों से प्रदेश के अनुसूचित जाति जन जाति एवं पिछड़ा वर्ग के युवा सरकार की नीतियों से दुखी हैं। इन वर्गों में शासन प्रशासन के प्रति कितनी नाराजगी है इसका आंकलन शायद साशन को नहीं है द्य यदि समय रहते प्रदेश सरकार प्रदेश के लाखों युवाओं और अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग के बेरोजगारों को सरकारी नौकरियां ऐसे ही खत्म कर आउट सोर्स पर भर्ती करती रही तो इन अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं का विरोध, आक्रोश भविष्य में दिखाई पड़ेगा यह निश्चित है, परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष इंजी ए आर सिंह, अजय झारिया, आर एन ठाकुर, बसंत खरे, जे पी नन्हड बौद्ध, ऐड.जयंती लाल जाटव,दशरथ अहिरवार, अजब सिंह, इंजी आशीष रायपुरिया, डॉ पी डी महंत, जी पी अहिरवार, एड बी एल हरोड, श्याम लाल दोहरिया,लक्ष्मण सिंह सिलोटे, डॉ के के बच्चन,ए के शाक्यवार,राज वीर अग्निहोत्री, के बी दोहरे, तरुण राजोरिया, बाल कुमारी, जे के मालवीय, चुन्नी लाल परमार,नरेंद्र नरबरिया, रमेश परिहार, महेश रत्नाकर,विक्रम अहिरवार, जितेंद्र कासोटिया,, रमन अंब ,धर्मेंद्र सिंह सगर , शैलेंद्र सिंह उचाड़िया, मुकेश सिंघानिया,बलवंत मिलन , सुधीर कुमार, जिमी नरवरिया, सुधीर कुमार जाटव, विक्रम अहिरवार , भारत सिंह खन्ना, धीर सिंह कनेरिया, एम एस मरैया, सुरेश यादव,राम रतन जाटव, जी पी आर्य,आदि ने प्रदेश सरकार से नियमित पदों को समाप्त कर आउट सोर्स पर भर्तियां बंद करने की मांग की है।

# 6 मार्च से संभाग के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में ट्रेनों का स्टॉपेज सांसद के प्रयास से हुआ सुनिश्चित

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**



अनूपपुर। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के प्रयास से आगामी 6 मार्च 2023 से शहडोल संभाग के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में विभिन्न ट्रेनों का स्टॉपेज रेल प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किया गया है शहडोल संभाग की जनता के मांग के अनुरूप शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने लगातार ट्रेनों के परिचालन एवं विभिन्न स्टेशनों में ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर रेल मंत्रालय भारत सरकार को पत्राचार करते हुए मांग की गई थी, जिस पर पहल करते हुए रेल मंत्रालय भारत सरकार ,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के द्वारा आगामी 6 मार्च 2023 से चंदिया रेलवे स्टेशन में पुरी उत्कल एक्सप्रेस का स्टॉपेज सुनिश्चित किया गया है तो वही जैतहरी रेलवे स्टेशन में नर्मदा एक्सप्रेस का स्टॉपेज सुनिश्चित हुआ है, उमरिया रेलवे स्टेशन में रीवा बिलासपुर छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस तथा पाली रेलवे स्टेशन में बिलासपुर रीवा यात्री गाड़ियों का स्टॉपेज सुनिश्चित किया गया है विभिन्न रेलवे स्टेशनों में विभिन्न यात्री गाड़ियों के स्टॉपेज होने से शहडोल।

# जिले में दूध में मिलावट करने वाले मिलावटखोरों को बख्शा नहीं जायेगा : कलेक्टर

**लाडली बहना योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में जिले से सात हज़ार बहने जाएंगी भोपाल**



**राजगढ़।** जिले में दूध में मिलावट करने वाले मिलावटखोरों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत मिलावटखोरों पर पैनी नजर बनाए रखें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हर्ष दीक्षित ने गत दिवस देर रात तक चली समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय तेम्रवाल भी उपस्थित रहे। बैठक में उन्होंने विकास यात्रा में आए आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही विकास यात्रा के दौरान ग्रामीणों की किस-किस प्रकार की समस्याएं आई, इसके बारे में भी अधिकारियों से वन- टू -वन चर्चा की बैठक में उन्होंने स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री भू- अधिकारी योजना, धारणाधिकार में आए आवेदनों के बारे में तहसीलदारों से जानकारी ली और साथ ही निर्देशित किया कि योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित ना रहे। उन्होंने 05 मार्च को भोपाल में लाडली बहना योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में जिले से सात हज़ार बहने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल में भाग लेने जाएगी उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि बसों में किसी भी प्रकार की बहनों को कोई समस्याएं न आए। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करें और हर बस में एक फ़ास्ट एंड बॉक्स रखें एवं एक महिला पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई जाए। इस अवसर पर सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# बनखेडी थाना क्षेत्र के ग्राम जासरवानी का मामला

# दलित महिला के साथ दुष्कर्म के वाद जहर पिलाकर की हत्या जिला नर्मदापुरम




**बनखेडी/नर्मदापुरम।** ग्राम जासरवानी थाना वनखेडी जिला नर्मदापुरम मे दलित महिला फूलवती चौधरी के साथ विगत एक माह पूर्व दुष्कर्म कर सामंत वादी लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ पिला कर हत्या की गयी जिसको लेकर जिला काग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल जी के नेतृत्व मे, व अन्य सामाजिक संगठन भीम आर्मी,जयस,महिला उत्पीडन उन्मूलन संघ, अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन,आदि, संघो ने ग्राम जासरवानी से तहसील कार्यालय वनखेडी, तक न्याय यात्रा कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए ज्ञापन तहसीलदार वनखेडी को दिया गया यातव्य हो कि थाना वनखेडी के अन्तर्गत अन्य जघन्य समस्याओं को भी ज्ञापन मे समाहित किया गया। इससे पूर्व तहसील परिसर मे आम सभा का आयोजन किया गया, सभा को पूर्व विधायक श्री अर्जुन लाल पलिया, अजय अहिरवाल, जिला काग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष श्री रमेश वामने, श्री संजय अहिरवार जी, श्री हरीश वेमन, श्रीमती संध्या शाह, श्रीमती आरती पटेल, श्री पुष्पराज पटेल जिला काग्रेस अध्यक्ष व अन्य नेता गणो ने संबोधित किया। तथा अपराधो मे न्याय न मिलने के कारण थाने का घेराव कर थाने के सामने हाईवे जाम कर चक्काजाम किया गया।



**रमन बामने,संवाददाता**



तव पुलिस प्रशासन की ओर आनन फानन मे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री वाघमारे जी अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर पीडितो को शीघ्र न्याय दिलाने भरोसा देकर मामले को शांत कराया। आंदोलन मे अतर सिंह भारतीय, अशोक अहिरवार, भगवान सिंह चौधरी जनपद सदस्य, लीला धर मेहरा, संदेश गोलियां, सुरेश कुशवाहा, हीरालाल राठोरिया जिला पंचायत सदस्य, प्रदीप पलिया, आनंद पलिया, सत्यपाल पलिया, दिलीप साहू, गुमान माडले,श्याम लाल अहिरवार,हेमराज भारके, नेतराम मुकेले,रोहित राठोरिया, अन्य हजारों की संख्या मे सामाजिक वंधु उपस्थित रहे।

## प्रदेश का बजट सही मायने में जनता का बजटःस्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि मध्यप्रदेश का वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट सही मायने में जनता का बजट है। स्वास्थ्य विभाग के लिए पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत से अधिक राशि 11 हजार 988 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में विकास और समृद्धि की अमृत वर्षा करने वाला बजट है। यह बजट किसानों, गरीबों, मजदूरों, बहनों, बेटियों, युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर वर्गों को समर्पित है। यह संतुलित बजट है, जिसमें सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है।

# कुरावर शासकीय स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। कुरावर के नवीन अस्पताल भवन लंबे समय से घटिया निर्माण के कारण सुर्खियों मैं है जिसके चलते आज CBMO डॉक्टर राजेंद्र कुमार अहिरवार के द्वारा कुरावर के नवीन हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को गुणवत्ता का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए है प्रतिदिन समाचार प्रकाशित किए जा रहे हैं और पत्रकारों तथा कुरावर नगर वासियों के द्वारा भी घटिया निर्माण को लेकर शिकायत पर शिकायत की जा रही थी जिस पर आज स्वयं cbmo डॉ राजेंद्र कुमार अहिरवार साहब के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया है निर्माण स्थल पर काफी कुछ गुणवत्ता हिना शिकायतें सही पाई गई इस पर डॉ राजेंद्र कुमार अहिरवार साहब के द्वारा संबंधित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को गुणवत्ता से समझौता ना किए जाने के दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

**जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न**

# जिले की परंपरा अनुसार अच्छी भावना से मनाएं त्यौहारः कलेक्टर

**मुकेश अहिरवार**

**राजगढ़।** त्यौहार सद्भावना और आत्मीयता के साथ पुरानी परंपराओं के अनुरूप अच्छी भावना मनाएं यह बात उर्स, होली, रंगपंचमी एवं आने वाले अन्य त्यौहारों के मद्देनजर आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हर्ष दीक्षित ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में सदस्यों से कही इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश कुमार गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद साहू,श्री देवी सिंह सौंधिया ,श्री आशिष नागर,श्री अजय शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री बब्लू पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय तेम्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद ,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजगढ़ सुश्री जुही गर्ग सहित जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यगण मौजूद रहे उन्होंने निर्देशित किया कि उर्स के दौरान सिंगल यूज की प्लास्टिक का उपयोग नही हों साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा एवं विद्युत व्यवस्थाएं पुख्ता रहें। उन्होंने निर्देशित किया कि उर्स के दौरान लगने वाले झूलों का जन सुरक्षा की दृष्टि से पूर्व परीक्षण एवं प्रमाणीकरण किया जाएं तथा सुरक्षा की दृष्टि से प्रबंधक आवश्क व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें इस अवसर पर उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत व्यवस्था के लिए उर्स, होली, रंगपंचमी और आने वाले अन्य त्यौहारों के पूर्व आवश्यक मरम्मत आदि का कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए इसी प्रकार नगर पालिका परिषद राजगढ़ को स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर स्वच्छता व्यवस्थां में कमी नही रखने के निर्देश भी दिए इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सहित समिति सदस्यों द्वारा जिले की परंपरा, परस्पर प्रेम एवं भाई चारे के साथ सभी त्यौहारों को मनाए जाने की बात कही तथा आवश्यक सुझाव दिए।



# जिला अनूपपुर में आपातकालीन परिस्थितियों में CPR (Cardio Pulmonary Resuscitation) का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**कैलाश कुमार, सह संपादक**

**अनूपपुर।** पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश श्री एस.के.सक्सेना के निर्देशन में एवं अति0पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन श्री डी.सी.सागर महोदय के मार्गदर्शन में जिला अनूपपुर के पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को अनुभवी चिकित्सकों के माध्यम से CPR (Cardio Pulmonary Resuscitation) प्रशिक्षण देने हेतु आज दिनांक 25.02.2023 को जिला मुख्यालय व समस्त थाना स्तर पर थाना प्रभारी की उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक अनुपपुर श्री जितेंद्र सिंह पवाँर की उपस्थिति में डॉक्टर एस.आर.पी.द्विवेदी व उनकी टीम के द्वारा जिला अनूपपुर के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को CPR (Cardio Pulmonary Resuscitation) प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों/कर्मचारियों को CPR के साथ साथ बेसिक लाईफ सेविंग स्किल जैसे जहरखुरानी, डूबने की घटना, हार्टअटैक, एक्सीडेंट,




करंट लगने, एवं हमले में घायल ऐसे व्यक्ति जिनकों आकस्मिक बाह्य लाईफ सर्पोट सिस्टम की आवश्यकता है, को सीपीआर देने की एक बहुत महत्वपूर्ण प्रारंभिक उपचार प्रक्रिया है, जो किसी भी घटना/दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को राहत पहुंचाने अथवा जीवन बचानें में सहायक सिद्ध हो सकती है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि, पुलिस बल के अधिकारी/कर्मचारी किसी भी घटना में First responders होते हैं और सीपीआर जैसी महत्वपूर्ण प्रारंभिक प्रक्रिया का प्रशिक्षण होनें से पीड़ित व्यक्ति की गोल्डन आवर्स( जीवन सुरक्षा के महत्वपूर्ण पल ) में समय रहते सहायता की जा सकती है। जिला अनूपपुर के समस्त थानों, पुलिस लाईन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के 274 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को CPR (Cardio Pulmonary Resuscitation) प्रशिक्षण चिकित्सकों के द्वारा दिया गया। सीपीआर( आकस्मिक जीवनरक्षक प्रक्रिया ) प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर, एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल, एसडीओपी पुष्पराजगढ़ सुश्री सोनाली गुप्ता, रक्षित निरीक्षक अनूपपुर श्रीमती अमिता सिंह, समस्त थाना/चौकी प्रभारी, डॉ.एस.आर.पी.द्विवेदी, डॉ.एन.पी.मॉझी, डॉ.के.बी.प्रजापति, डॉ. नितेश वर्मा, डॉ.मोहन सिंह श्याम, डॉ.आर.एस.श्याम, डॉ.एस.के.सिंह, डॉ.आर.पी.सारीवान, डॉ.पुष्पराज सिंह, डॉ.योगेश धनवार, डॉ.अनित त्रिपाठी, डॉ. विपिन कुमार यादव व टीम एवं पुलिस लाईन अनूपपुर व पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर का समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# राधारमण में विज्ञान दिवस पर व्याख्यान का आयोजन



**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज, भोपाल में विगत दिवस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने अपने उदबोधनों में भौतिक विज्ञानी नोबेल पुरस्कार विजेता सर चंद्रशेखर वेंकट रमन के योगदान पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम




मध्य प्रदेश कॉउन्सिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भोपाल एवं नेशनल कॉउन्सिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन ( भारत सरकार, दिल्ली ) के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ दिलीप एम महाशब्दे, भूतपूर्व वरिष्ठ सलाहकार, एम पी कॉन लिमिटेड, भोपाल द्वारा फ्किया गया एवं उनका व्याख्यान वैश्विक विज्ञान एवं वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित रहा। कृषि विज्ञानी डॉ. शेखर साराभाई, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, राष्ट्रीय संसांधन प्रबंधन विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार, विज्ञान रत्न प्राप्तकर्ता ने प्राकृतिक संसाधनों के उचित दोहन एवं उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्नत सामग्री और प्रक्रिया अनुसंधान संस्थान, भोपाल के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. गौरव कुमार गुप्ता ने विभिन्न पदार्थों के उत्पादन एवं गुणात्मक उपयोग से सम्बंधित राष्ट्रीय एवं वैश्विक हित में व्याख्यान दिया. कार्यक्रम में विज्ञान से सम्बंधित चलचित्र एवं बहुवैकल्पिक प्रश्न प्रतियोगिता भी आयोजित किये गए. कार्यक्रम का संचालन मनीष शर्मा ने किया. श्री आर आर सक्सेना, चेयरमैन राधारमण ग्रुप ने अपने उद्बोधन द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया, सभी वक्ताओं एवं कार्यक्रम के प्रवर्तकों व आयोजकों को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में डॉ. पी. के लाहिरी, सीनियर डायरेक्टर, आर जी आई, डॉ. अनुराग जैन, डायरेक्टर, आर.ई. सी. , डॉ. विशा ह्वश्चल गुप्ता, प्रिंसिपल डिप्लोमा उपस्थित रहे।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति के नेता और अनुसूचित जाति संगठनों के प्रमुख महेश नंदमेहर व अशोक चिंतामण ने शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा देने की मांग कांग्रेस वचन पत्र में की

**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

भोपाल। संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर एवं अनुसूचित जाति जनजाति उत्थान महासंघ भारत के प्रदेश महामंत्री श्री अशोक चिंतामण जी ने सन 1942 के स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजी सेना को पराजित कर अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों के स्वाभिमान व गौरवान्वित कर गोंड समाज के राजा श्री शंकर प्रताप सिंह जू देव के राजमहल की धरोहर के लिए संघर्ष कर अपने प्राणों की बाजी लगा कर अनुसूचित जाति के वीर शहीद मनीराम जी अहिरवार के सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया जी के निवास पर आकर आजादी के लिए कुर्बान होने वाले शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्टीय अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर जी ने अपने समाज के बलिदानी देने वाले उपेक्षित योद्धवीर मनीराम जी को नमन करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सभी सेनानियों को सम्मानित किया है। लेकिन वीर मनीराम अहिरवार जैसे महान क्रांतिकारी वीर सपूत को सम्मान देने में भूल की है। वहीं उन्हें आज तक शहीद माना नही गया है। जबकि वह मध्यप्रदेश के जिला नरसिंहपुर तहसील गाडरवारा के नगर चीचली मैं सन 19 42 को गोंडवाना साम्राज्य की सुरक्षा और संस्कृति को बचाने सहित अंग्रेजी सेना से आमने-सामने बड़ा युद्ध



किया था। इनके युद्ध के दौरान जो मौत हुई वह शहीद हुए और जो नागरिक साथ थे, उन्हें सेनानियों के तौर पर सम्मानित किया गया। लेकिन वीर मनीराम अहिरवार जी को क्यों नहीं सम्मानित किया गया। जबकि वीर मनीराम जी ने तो अपना सीना तान अंग्रेजी सेना की गोली का सामना किया और उन्होंने पत्थरों के अचूक प्रयोग कर अंग्रेजों को लहू-लुहान कर घायल कर दिया था। अनुसूचित जाति और जनजाति उत्थान महासंघ प्रदेश महामंत्री श्री अशोक चिंतामण जी ने भी इस अवसर पर खेद जताया है कि क्या जातिवाद के कारण ही हमारे महापुरुष का सम्मान नही दिया गया है। दोनों अनुसूचित जाति के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी से मांग की है कि आजादी के लिए अंग्रेजों से मुकाबला करने वाले महान क्रांतिकारी अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्टीय शहीद का दर्जा दिया जाये। तथा उत्तराधिकारी परिवार को कांग्रेस द्वारा सम्मानित किया जाये। कांग्रेस वचन पत्र 2023 में नाम शामिल किया जाये। ताकि मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति कांग्रेस की सरकार मध्यप्रदेश में बनाने हेतु भरपूर समर्थन दे सके। श्री नंदमेहर एवं श्री चिंतामण जी ने शहीद परिवार को बताया कि पिछ्ले दिनों मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति के लोगों का एक 50 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्टीय महासचिव श्री दिग्विजय सिंह जी सांसद राज्यसभा के निवास भोपाल में जाकर अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्टीय शहीद का दर्जा दिलाने की मांग एवं कांग्रेस वचन पत्र 2023 में नाम शामिल कराने की मांग कर चुके हैं। माननीय श्री दिग्विजय सिंह जी ने आश्वासन भी दिया है कि अवश्य ही कांग्रेस वचन पत्र 2023 में वीर मनीराम अहिरवार जी को सम्मान दिलाने की बात रखेगें। सभी अनुसूचित जाति के प्रतिनिधि मंडल और संगठनों के प्रमुखों ने साफ तौर पर कहा कि हमारे वर्ग के एकमात्र शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्टीय शहीद का दर्जा दिया जाये। तथा परिजन का सम्मान किया जाये। ताकि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने और अनुसूचित जाति वर्ग की मांग को पूरी की जाये।

## जिला नियंत्रण कक्ष में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

# आगामी समय मे त्योहारों पर विशेष सतर्कता रखने अपराधियों पर शिकंजा कसने विशेष कार्य योजना बनाई गई

**मुकेश अहिरवार**

**राजगढ़।** पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक ने की थाना प्रभारियों द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा, दिये दिशा निर्देशद्य आगामी कार्ययोजना को लेकर आज जिला मुख्यालय पर आयोजित अपराध समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को दिशानिर्देश दिए गए। अपराधों को देखते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा समस्त जिला पुलिस अधीक्षकों को अपने अपने जिले में अपराध निकाल एवं आगामी होलिका, उर्स इंतजाम मे प्रभावी कानून व्य?वस्था बनाये रखने हेतु कठोर निर्देश दिये गये हैं। जिसको लेकर जिले के पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश कुमार गोस्वामी (भापुसे) द्वारा आज दिनांक 01/03/2023 को जिला नियंत्रण कक्ष राजगढ में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा विगत समय में किये गये कार्यों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई । यह क्राइम मीटिंग पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश कुमार गोस्वामी प्रोन्नत होने बाद की इस जिले मे आने के बाद पहली क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में जिलाधीश श्री हर्ष दीक्षित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को अपराध निकाल एवं आगामी त्यौहार पर कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये बिन्दुवार विस्तार से दिशानिर्देश दिये गये जिसके चलते सर्वप्रथम प्रत्येक थाना मे आने वाले फरियादियों को सुना जाकर निराकरण करते हुए पूर्णतः संतुष्ट किये जावे, उनके द्वारा विगत समय में अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत अपराध निकाल, पेंडिंग चालान, पेंडिंग मर्ग एवं गुम एवं अपह्त बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु किये गये सार्थक प्रयासों के बारे में पूछा गया, जिसमें थाना प्रभारियों द्वारा हर तरीके से जिला पुलिस अधीक्षक को अपने द्वारा किये गये प्रयासों के बारे में विस?तार से जानकारी दी गई,



जहां एक ओर पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारियों द्वारा दी गई सार्थक जानकारी पर उनकी पीठ थपथपाते नजर आए वहीं दूसरी ओर जानकारी भ्रामक प्रतीत होने पर उन्हें उनकी गलतियों पर समझाते एवं डांटते हुए भी दिखाई दिये। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों को चेतावनी भी दी गई कि यदि आपके द्वारा कानून व्यवस्था सुदृढ रखने एवं अपराध निकाल में कोताही बरती गई तो उनकी ओर से त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। मीटिंग मे जिलाधीश महोदय ने बताया कि प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर पूर्व मे अभियान चलाकर भूमि संबंधी विवादों को त्वरित निराकरण किये गये आगामी समय मे भी निराकरण किये जाएंगे। जिले में चोरी की घटनाओं के होने से पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारियों पर काफी नाराज़ हुए, उन्होने समस्त थाना प्रभारियों को चोरी की घटनाओं का जल्द से जल्द अच्छे से निराकरण करने के कडे निर्देश दिये। साथ ही गोवंश की तस्करी पर तत्काल लगाम लगाई जावे। बहुत वाहनों की पेंडेंसी का निराकरण किया आगामी समय मे भी किये जावे। कंडम वाहनों का निराकरण भी किये गये बाकी के कंडम वाहनों का भी किया जावे। घरेलू हिंसा के प्रकरण को त्वरित निराकरण किये जावे। विगत समय मे सभी प्रकार की कानून व्यवस्था को मुस्तेदी से निर्भीक होकर शांतिपूर्ण निर्वाह किये जाने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का होंसला अफजाई के लिए प्रशंसा की गई। उक्त निर्देशों के साथ साथ पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों से उनकी समस्याएं भी सुनीं एवं तत्काल उनका निराकरण भी किया साथ ही आगे कोई अन्य परेशानी आने पर उनका त्वरित निराकरण कराये जाने हेतु अपराध समीक्षा बैठक में मौजूद कार्यालयीन कर्मचारियों को भी निर्देशित किया। उन्हो्ने बताया कि पुलिसकर्मी काफी कठिन परिश्रम करते हैं एवं लगातार ड्यूटियों के चलते कभी कभी मानसिक रूप से तनाव में आ जाते हैं, सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान भी रखना है। अत़ अधीनस्थ् कर्मचारियों को अवकाश लाभ देने एवं उनके चाहे अनुसार स्थानान्तरण अथवा वेतन विसंगति को लेकर समक्ष में पेश होने हेतु अनुमति दिये जाने के निर्देश भी थाना प्रभारियों को दिये गये। उन्होंने बताया कि आप सभी अपने अपने थानों का माहौल एक परिवार की तरह बनाये रखें तथा अधीनस्थ कर्मचारियों की हौसला अफजाई भी करते रहें ताकि थानों का महौल तनावपूर्ण न होकर खुशनुमा बना रहे एवं कर्मचारी भी जिम्मेदारी से अपनी ड्यूटी कर सकें । कभी कभी अधिकारियों की डांट एवं नजरअंदाजी से कर्मचारियों में हीन भावना विकसित होने लगती है जिसका सीधा प्रभाव उनकी पारिवारिक परिस्थितियों पर तो पडता ही है साथ ही उनकी ड्यूटी करने की क्षमताओं में भी कमी आ जाती है अतः इस तरह का माहौल निर्मित न होने दें साथ ही कर्मचारियों से विनम्र व्यवहार करें।

# विश्व श्रवण दिवस पर चिकित्सालयों में स्वास्थ्य शिविर

भोपाल। विश्व श्रवण दिवस 3 मार्च को प्रदेश के जिला चिकित्सालयों और विकासखंड स्तर के चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर होंगे। विश्व श्रवण दिवस की मुख्य थीम इयर एंड हियरिंग केयर फॉर ऑल लेट्स मेक इट रियलिटी है। डायरेक्टर आईईसी श्री राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने विश्व श्रवण दिवस पर स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की विस्तृत रूप-रेखा दी है। समुदाय और संस्था स्तर पर श्रवण संबंधी जानकारी और देख-रेख के लिये आमजन को जागरूक करने, श्रवण संबंधी समस्या से ग्रसित व्यक्तियों को चिन्हित करने और चिन्हित किये गये व्यक्तियों का उपचार करना स्वास्थ्य शिविर का प्रमुख लक्ष्य है। श्रवण संबंधी समस्या की सही समय पर पहचान की जाकर बाधिरता को प्रारंभिक उपचार, हियरिंग ऐड, स्पीच थेरेपी और ऑपरेशन के माध्यम से रोका जा सकता है।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# नर्मदा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन




**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों का सात दिवसीय विशेष शिविर जासलपुर में आयोजित किया जा रहा है उसी तारतम्य मैं आज अंतिम दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के श्री राजकुमार वर्मा जी, विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन डॉ डी एस खत्री एवं नर्मदा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की ग्राम जासलपुर की सरपंच नीलू दीपक मेहरा, सचिव सरिता, जासलपुर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मनोहर गोलियां एवं नर्मदा महाविद्यालय के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे सभी ने अपने विचार व्यक्त किए एवं अतिथियों ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया तथा स्वयंसेवकों को पुरस्कार वितरित किए।

## बोर्ड परीक्षाएं शुरू, कलेक्टर ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**छत्तीसगढ़।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित की जाने वाली हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2023 आज से शुरू हो गयी हैं। 02 मार्च से हाईस्कूल यानी 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होंगी। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के परीक्षा केंद्र शासकीय रामानुज हायर सेकंडरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्ष में बैठक व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी, पंखे, बैंच आदि सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों से परीक्षार्थियों हेतु पेयजल व्यवस्था, शौचालय आदि सुविधाओं की जानकारी ली तथा परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा अनुकूल वातावरण बनाए रखने तथा परीक्षार्थियों के किसी भी प्रकार की समस्या के त्वरित निवारण हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने परीक्षा केंद्रों तक गोपनीय सामग्री लाने तथा उत्तरपुस्तिका जमा करने की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गत दिवस साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में भी कलेक्टर श्री लंगेह ने परीक्षाओं की निगरानी हेतु गठित उड़नदस्ता दल को बेहतर निगरानी के निर्देश दिए हैं।12वीं में 7273 परीक्षार्थी दे रहे परीक्षा, 10वीं बोर्ड में शामिल होंगे 7591 जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और कल 02 मार्च से 10वीं को बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। जिले में कुल 69 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। आज से शुरू हुई 12वीं की परीक्षा में 7273 परीक्षार्थी शामिल हुए। 10वीं की परीक्षा हेतु 7591 बच्चे परीक्षा में शामिल होंगे।

# अजाक्स का प्रांतीय महा अधिवेशन में सागर जिले से पहुंचे सैकडों कर्मचारी







**कैलाश कुमार**

**सागर।** पदोन्नति में आरक्षण, बैकलाग पदो पर भर्ती सहित अन्य मांगों को लेकर रविवार 26.02.2023 को अजाक्स अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अधिकारी कर्मचारी संघ भेल दशहरा मैदान में महाधिवेशन आयोजित हुआ जिसमें सागर जिले के सैकडों कर्मचारी और समाज के लोग पहुचे महाधिवेशन में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, राष्ट्रीय संत वालयोगी उमेशनाथ पीठाधीश्वर उज्जैन, पंचम दास महाराज कर्रापुरधाम, जे.एन. कंसोटिया प्रातीय अध्यक्ष, जी.एस. धुर्वे प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष, एस.एल. सूर्यवंशी, प्रांतीय महासचिव कार्याक्रम में उपस्थित रहे।

# कुदरी ग्राम पंचायत में नहीं है लाइट, अब बच्चे कैसे करेंगे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी?

**कैलाश अहिरवार**




शहडोल/जयसिंगनगर। अंधेर नगरी चौपट राजा ये कहावत तो सुनी होगी आपने. ऐसा ही हाल पिछले कुछ दिनों से ग्राम पंचायत कुदरी का है. शहडोल जिले के तहसील जयसिंहनगर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुदरी में पिछले कुछ दिनों से लाइट नहीं है. सुबह आधे घंटे ही लाइट मिलती और फिर पूरे दिन नहीं रहती. शाम या रात को फिर आधे घंटे लाइट रहती है और फिर पूरी रात बिना लाइट के ही गुजारा करना पड़ता है. लाइट न मिलने की वजह से गांव के सभी लोग परेशान हो रहे हैं।

### पोल से कटी गई तार

गर्मी की शुरुआत हो चुकी है और कुए सूखने लगे हैं और ऐसे में पानी के लिए ग्रामीणों की निर्भरता बोरिंग पर हो जाती है. लाइट नहीं होने की वजह से लोग बोरिंग के पानी के लिए भी तरस रहे हैं आज से बच्चों की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई है. ऐसे में बिना लाइट के बच्चे कैसे पढ़ाई करेंगे। ये बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है. ग्राम पंचायत की सरपंच चंद्रवती सिंह हैं लेकिन पंचायत का सारा काम उनके पति राम प्रसाद सिंह देखते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच पति राम प्रसाद सिंह ने अपनी मौजूदगी में बिजली के तार कटवाएं हैं, जिसकी वजह से लाइट की व्यवस्था नहीं हो पा रही है. उनसे जब इस मामले में बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैंने बिजली विभाग से बात कर ली है और लाइट आ जाएगी, लेकिन लाइट नहीं आई।

# जन आवाज मंच की प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन

**कैलाश कुमार,सह संपादक**



**भोपाल।** आज शाम के समय जन आवाज मंच कार्यालय भोपाल में जन आवाज मंच के विधि सलाहकार व जबलपुर उच्च न्यायालय में मध्यप्रदेश शासन के विशेष अधिवक्ता आदरणीय रामेश्वर सिंह ठाकुर,लीलाधर अहिरवार, के मुख्य आतिथ्य में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें मंच द्वारा आगामी मार्च, अप्रैल 2023 मे विभिन्न गतिविधियों की रणनीति तैयार की गई बैठक में अनेक संवर्गो के साथी साथ मे रहे जिसमें मुख्य रूप से विनायक प्रसाद शाह एडवोकेट ,उदय कुमार साहू एडवोकेट जबलपुर उच्च न्यायालय, रोहित सिसोदिया जी, शंकरलाल कोरी जी, नन्हेलाल अहिरवार, के सी भास्कर जी प्यारेलाल लाल लड़िया जी, जन आवाज मंच की कार्यालय समन्वयक रूही बेगम जी सहित अनेक साथ शामिल रहे।

# खिलचीपुर पुलिस टीम को मिली सफलता 03 घण्टे के भीतर 02 गुमशुदा बालिकाओं को किया दस्तयाब

**मुकेश अहिरवार**




**राजगढ़।** जिले में चलाये जा रहे गुमशुदा व्यक्तियों की दस्तयाबी हेतु मुस्कान अभियान के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ़ श्री अवधेश कुमार गोस्वामी (भा.पु.से) द्वारा निर्देशित किया गया है कि गुमशुदा व्यक्तियों को दस्तयाब करने की कार्यवाही निरंतर की जाये। उक्त आदेश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद (रापुसे) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आनंद राय (रापुसे) के द्वारा थाना प्रभारी खिलचीपुर को गुमशुदा व्यक्तियों को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य में दिनाक 27.02.2023 को सूचनाकर्ता ने थाना खिलचीपुर में आकर रिपोर्ट किया की अपने घर पर रात को खाना खा पीकर परिवार के साथ सौ गये थे दोनो बालिकाए भी सो गयी थी सुबह 06 बजे करीबन मेरी नींद खुली तो मैने देखा की मेरी लड़की व भान्जी दोनों घर पर नहीं थी मुझे उनके बीस्तर पर एक पत्र मिला पत्र में लिखा था की पिता जी हम हमारे पैरों पर खड़ा होना चाहते है हमारी चिन्ता मत करना हम जा रहे है फरियादी की शिकायत पर से थाना हाजा पर अपराध क्रमांक 94/ 23 धारा 363 भादवि व गुमइसान क्रमा 06/23 कायम कर जांच में लिया गया मामला नाबालिग बालिकाओं का होने से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर व तुरत मुखबिर को काम पर लगाया, साथ ही नजदीकी थाना क्षेत्र के ग्रुप मे जानकारी साझा की गई। मुखबिर की सूचना के आधार पर टीम भेजकर व गुमशुदा बालिकाओं की सायबर सेल की मदद से थाना प्रभारी ने एक टीम जिसमे प्रआर 78 अनिल नायक, सैनिक 89 संजय व महिला सैनिक 03 कालीबाई तुरत टीम बनाकर रवाना की गई। मुखबिर ने बताया कि ब्यावरा अंजलीलाल मंदिर पहुंची जहां पर दोनों गुमशुदा बालिकाओं को दस्तयाब किया गया व दोनों से महिला सैनिक द्वारा पुछताछ कर कथन लेख बद्ध किये गये दोनो बालिकाओं ने अपने कथन में घर से बीना बताये मंदिर दर्शन करने को आना बताया व अपने साथ कोई घटना दुर्घटना नहीं होना बताया गया । इस प्रकार दोनों गुमशुदा बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस की इस प्रकार त्वरित कार्यवाही से दोनो गुमशुदा बालिकाओं के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई एवं दोनो बालिकाओं के परिजनों ने जिला राजगढ़ पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

## थाना नरसिंहगढ़ पुलिस को मुस्कान अभियान मे मिली सफलता

# गुमशुदा बालिका को रंजनगांव पुणे महाराष्ट्र से किया दस्तयाब

**मुकेश अहिरवार**




**राजगढ़।** पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री अवधेश कुमार गोस्वामी (भापुसे) के निर्देशन एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद (रापुसे) एवं एसडीओपी श्री उपेंद्र सिंह भाटी (रापुसे) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ की टीम द्वारा मुस्कान अभियान के तहत लगातार दस्तयावी की जा रही। दिनांक 01/01/23 को फरियादी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया था कि उनकी बालिका जिसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है बिना बताए कहीं चली गई है जिस पर से थाना नरसिंहगढ़ में गुम इंसान क्रमांक 01/23 दर्ज किया गया था । गुमशुदा बालिका की दस्तयावी हेतु पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा ?3000/- का नगद इनाम की घोषणा की थी नरसिंहगढ़ पुलिस टीम द्वारा अथक मेहनत व लगन से कार्य करके गुमशुदा बालिका को रंजनगांव पुणे महाराष्ट्र से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ श्री अवधेश सिंह तोमर, उप निरीक्षक जगदीश गोयल, आरक्षक दीपक यादव, सायबर सेल राजगढ़ से आरक्षक जयप्रकाश चक्रवर्ती का महतपूर्ण योगदान रहा।

# अनूपपुर पुलिस की बड़ी सफलता: दोपहिया वाहन चोरी के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**




**अनूपपुर/कोतमा।** चोरी की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को संपत्ति संबंधी अपराधियों चोरी के पूर्व अपराधियों एवं जेल से रिहा होने वाले अपराधियों की नियमित चेकिंग करने हेतु निर्देशित जारी किए गए थे। इसी अनुक्रम में थाना प्रभारी कोतमा को मुखबिर से वाहन चोरी के एक संदेही के बारे में सूचना प्राप्त हुई। संदेह के आधार पर थाना प्रभारी कोतमा के द्वारा इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवार के द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल व थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक अजय बैगा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा संदेहियों से पूछताछ की गई तो पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि विगत माह सितंबर से जनवरी के मध्य थाना कोतमा एवं जिले के अन्य स्थानों से चोरी हुए 17 दोपहिया वाहनों को 04 आरोपियों 01. विद्यासागर चौधरी पिता रामाधार चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी बुढ़ानपुर थाना कोतमा, 02. ध्रुवदास चौधरी पिता बाबूराम चौधरी उम्र 23 वर्ष निवासी धनहर थाना मरवाही छ.ग., 03. रणधीर चौधरी पिता रामाधार चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी रडगा थाना मरवारी छ.ग. एवं 04. राकेष सिंह भरपच्ची पिता संतोष सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी थाना मरवाही छ.ग. के द्वारा चोरी किया जाना स्वीकार किया गया। थाना कोतमा के विशेष टीम के द्वारा उक्त चोरी के 17 दोपहिया वाहनो होण्डा शाइन, होण्डा ड्रीम योगा, होण्डा लिवो, बजाज प्लेटिना, हीरो स्प्लेंडर, टीवीएस विक्टर, टीवीएस स्टार सिटी, बजाज सिटी100, बजाज डिस्कवर, हीरो एचएफ डीलक्स को जप्त किया गया हैं। जिसकी कुल कीमत ?10,00,000 है।

## प्रमुख सचिव एवं आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल को पत्र लेकर छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया MITS/SC/ST/OBC UNION के छात्र अध्यक्ष ने

**नागेश नरवरिया**

ग्वालियर। एम.आई.टी.एस ग्वालियर के अनुसूचित जाति छात्रों की छात्रवृत्ति की गंभीर समस्या के लिए MITS/SC/ST/OBC यूनियन के छात्र अध्यक्ष इंजीनियर राहुल अहिरवार ने प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति विभाग भोपाल एवं आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल को स्मरण पत्र भेजा तथा इंजीनियर राहुल अहिरवार ने अवगत कराया है, कि विगत 8 माह से विभिन्न अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों एवं MITS ग्वालियर के छात्रों द्वारा अनेकों पत्र प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति विभाग एवं आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल को भेजे गए हैं पर आज दिनांक तक अनु. जाति विभाग भोपाल द्वारा किसी भी पत्र के जवाब पत्र नहीं भेजे गये, जिससे छात्रों को छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं हो रहा एवं छात्र गंभीर समस्या का सामना कर रहे इंजीनियर राहुल अहिरवार ने प्रेसवार्ता में बताया की MITS ग्वालियर मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध इंजीनियरिंग संस्था है जिसमें छात्रवृत्ति में भ्रष्टाचार 2018 से आज तक किया जा रहा है पूर्व में भ्रष्टाचार की जांच की गई थी जिसमें तत्कालीन छात्रवृत्ति ऑपरेटर एवं बाबुओं के खिलाफ कार्यवाही की गई थी, लेकिन प्रमुख अधिकारियों को बचाया जा रहा है इंजीनियर राहुल अहिरवार ने बताया है कि ग्वालियर में विगत 6 वर्षों से छात्रवृत्ति मैं भ्रष्टाचार किया जा रहा एवं दोषियों को बचाया जा रहा है इंजीनियर राहुल अहिरवार ने मांग की है जमीनी स्तर पर जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए।


MITS GWL SC/ST/OBC UNION

पत्र क्र:पो.मै.छा./2023-24/0-1 ग्वालियर दिनांक: 24/02/2023

प्रति,

प्रमुख सचिव अनु.जाति विभाग,
मध्य प्रदेश शासन भोपाल,
(2) श्री संजीव सिंह
माननीय आयुक्त अनुसूचित जाति
विभाग भोपाल मध्य प्रदेश शासन

विषय: अनुसूचित जाति छात्रों को अन्य अकादमिक शुल्क की अंतर राशि का भुगतान करने बाबत स्मरण पत्र,

संदर्भ (1) कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल पत्र क्र/शिक्षा-1/2020-21/6372 भोपाल दिनांक12/10/2022,
(2) कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल पत्र क्र/शिक्षा-1/2020-21/7265 भोपाल दिनांक 17/11/2022,
(3) कार्यालय आयुक्त संचालनालय तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश पत्र क्र.-4/शैक्ष./एस/2022/कार्य./1520 भोपाल 29/11/2022,

महोदय,

उपरोक्त विषय में संदर्भ पत्र संलग्न है, जिसमें कार्यालय अनुसूचित जाति विभाग भोपाल ने 12/10/2022 तथा 17/11/2022 को तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल से एम. आई.टी.एस ग्वालियर की अन्य अकादमिक शुल्क की अंतर राशि के भुगतान हेतु जवाब मांगा था, जिसकी संपूर्ण जानकारी तकनीकी शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों ने 29/11/2022 को संपूर्ण जानकारी भिजवा दी गई है, लेकिन एम. आई. टी एस ग्वालियर के अनुसूचित जाति छात्रों को आज दिनांक तक अन्य अकादमिक शुल्क की अंतर राशि का भुगतान नहीं किया गया, विगत 8 माह से छात्रों एवं विभिन्न अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों के द्वारा अनेकों पत्र भेजे गये, आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल द्वारा किसी भी पत्र का जवाब पत्र नहीं भेजा गया जब आयुक्त तकनीकी ने समस्त जानकारी आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल को भेजकर स्पष्ट कर दिया है, कि छात्र अन्य अकादमिक शुल्क की अंतर राशि के भुगतान के लिए पात्र है,इस स्थिति में आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग भोपाल द्वारा छात्रों को वंचित क्यों रखा जा रहा है.

अतः माननीय जी से अनुरोध है, जिस प्रकार एम.आई.टी.एस ग्वालियर के अनुसूचित जाति छात्रों को ट्यूशन फीस की अंतर राशि का भुगतान किया गया उसी प्रकार अन्य अकादमिक शुल्क की अंतर राशि का भुगतान कराया जाए तथा भुगतान में विलंब के लिए जांच कर दोषियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत कार्यवाही करने का आदेश पारित किया जाए तथा कृत कार्यवाही से छात्रों को ईमेल Ra836135@gmail.com द्वारा अवगत करने का कष्ट करें,

संलग्न: उपरोक्तनुसार

प्रतिलिपि
(1) राष्ट्रीय अनु. जाति आयोग नई दिल्ली,

भवदीय
इंजी.राहुल अहिरवार
छात्र अध्यक्ष MITS/SC/ST/OBC/UNION

## गाजे बाजे के साथ निकली 300 दूल्हों की बारात

**डिंडौरी ज्ञान चंद शर्मा**



मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत मंगलवार को एक साथ 300 दूल्हों की बारात नगर में निकली। नर्मदा तट स्थित गायत्री मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन मैदान पहुंची। रास्ते में जगह-जगह बारात का स्वागत करने के साथ स्वल्पाहार की व्यवस्था भी नगर के लोगों द्वारा की गई। बरात में अधिकारी कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधि व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई बारात में जनप्रतिनिधि थिरकते भी नजर आए। बारात के दौरान आतिशबाजी भी की गई। बारात में दूल्हे छाता लेकर शामिल रहे। उनके साथ परिजन भी बारात में शामिल हुए। जगह-जगह बारात का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विकासखंड डिंडौरी से 98, समनापुर से 23, अमरपुर से 43 बजाग से 53, करंजिया से 71, मेहंदवानी से एक और नगर परिषद डिंडोरी क्षेत्र से 11 जोड़े शामिल हो रहे हैं। परिजनों के लिए सहित दूल्हा दुल्हन के लिए भोजन की व्यवस्था भी पंडाल के पास की गई है। बारात निकलने से पूर्व गायत्री मंदिर परिसर में ही जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रत्येक दूल्हे को छाता, हाथ घड़ी, बिजन (हाथ वाला पंखा) सहित अन्य सामग्री प्रदान की गई।

# करंट लगाकर चिंकारा का शिकार, एक आरोपित पकड़ाया, दूसरा फरार

**ज्ञान चंद शर्मा,संवाददाता**





**डिंडौरी शहपुरा।** जिले के तहसील मुख्यालय शहपुरा में मंगलवार- बुधवार की दरमियानी रात वन्य प्राणी चिंकारा का शिकार करने का मामला सामने आया है। वन विभाग के अमले ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा फरार बताया जा रहा है। वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शहपुरा निवासी एक व्यक्ति ने अपने एक साथी के साथ वन्य प्राणी चिकांरा का शिकार के लिए बिजली की तार बिछाया था। बिजली तार में फंसने से करंट लगा और चिंकारा की मौत हो गई। जानकारी वन विभाग को लगते ही वन अमले ने मौके पर पहुंचकर एक आरोपित व शिकार किए गए चिंकारा के शव को बरामद किया। रेंजर जगदीश वासपे ने जानकारी में बताया अजय कुमार द्विवेदी पिता दीपनारायण दिवेदी उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर दो शहपुरा और एक अन्य साथी के साथ नगर के जबलपुर मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक मादा हिरण (चिंकारा) का शिकार किया है। एक आरोपित पकड़ा गया है। वन विभाग ने शव बरामद कर आरोपितो के विरुद्ध मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया। एक आरोपित फरार बताया जा रहा है। घटना बीती रात लगभग साढ़े 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है। कार्रवाई में एसडीओ आरएल परस्ते, रेंजर जगदीश वासपे, डिप्टी रेंजर हिम्मत सिंह धुर्वे, वन रक्षक चेतराम वरकड़े सहित अन्य शामिल रहे। गौरतलब है कि शहपुरा नगर के आसपास निवास रोड, मरवारी रोड पर पिछले कुछ वर्षो से लगातार चिंकारा जिसे स्थानीय भाषा में लोग हिरण कहते है, दिखाई दे रहे है। इस मार्ग से आने जाने वाले राहगीरों को चिंकारा दिख ही जाते है।


## मैत्रीय निमंत्रण

## लोकार्पण समारोह



**दिनांक- 05/03/2023,रविवार**
**समय- दोपहर 03: 00 बजे से**
**स्थान-बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी, कोलार रोड भोपाल**

आप सभी सम्माननीय उपासक/उपासिकाओ से विशेष आग्रह है की राजधानी भोपाल में प्रदेश और भारत सहित बौद्ध अनुयाईओ के लिए बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री में रहने/ठहरने के लिए आवास-निवास के प्रथम फेस के 2 रूम का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है जिसका लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं तथा बाकी 10 रूम का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जा रहा है। अत 05 मार्च,को आयोजित कार्यक्रम में आप सभी सम्मलित हो कर भगवान बुद्ध की अनुकंपा प्राप्त कर अनुग्रहित हों।



## कार्यक्रम

बुद्ध वंदना एवं लोकार्पण समारोह
धम्मदान दाताओं के प्रति कृतज्ञता एवं मंगलमैत्री ,
आगमी बाबासाहेब अम्बेडकर जयंती की संयुक्त बैठक,
साधूवाद ज्ञापन,
सामुहिक धम्मपालन गाथा
खीर वितरण
आपके सद्धधम्म में
भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो
प्रमुख भिक्षु- बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री


## आदिम जाति विभाग ग्वालियर श्री हरी बाबू शर्मा के खिलाफ संभागीय आयुक्त ग्वालियर को शिकायत एवं ज्ञापन

**इंजी. राहुल अहिरवार**
**संयोजक आईटी विभाग मध्यप्रदेश परिसंघ 7697959515**



**ग्वालियर।** इंजीनियर राहुल अहिरवार संयोजक आई टी विभाग अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ग्वालियर एवं विभिन्न संगठनों के द्वारा तत्कालीन सहायक आयुक्त आदिम जाति विभाग ग्वालियर श्री हरी बाबू शर्मा के खिलाफ संभागीय आयुक्त ग्वालियर को शिकायत एवं ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न संगठनों एवं इंजीनियर राहुल अहिरवार मध्यप्रदेश परिसंघ में सहायक आयुक्त आदिम जाति विभाग ग्वालियर के खिलाफ जांच एवं निलंबित करने की मांग पर संभागीय आयुक्त ग्वालियर ने कलेक्टर महोदय जिला ग्वालियर को जांच के निर्देश एवं दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही कर संभागीय आयुक्त ग्वालियर को अवगत कराने के निर्देश दिए।

## हर्बल गुलाल से स्वस्थ, सुरक्षित होगा होली का त्योहार

- **एमसीबी में समूह की महिलाओं ने बनाए 160 किलोग्राम गुलाल, स्टॉल के माध्यम से किया जाएगा विक्रय**



**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी।** भरतपुर 01 मार्च 2023/ रंगो के त्योहार होली पर एमसीबी जिले में स्व सहायता समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल बनाने में जुटीं हैं। फूल-सब्जियों के प्राकृतिक रंगों से बनाए जा रहे हर्बल गुलाल होली की खुशियों को दोगुना करने अब पूरी तरह तैयार है। होली में सबसे ज्यादा भय केमिकल युक्त रंगों का होता है। समूह द्वारा बनाए जा रहे हर्बल गुलाल पूरी तरह सुरक्षित है। कलेक्टर श्री पी एस ध्रुव के मार्गदर्शन और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन में स्व सहायता समूह की महिलाओं को हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिले के 03 समूह की 11 महिलाओं ने हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया और अब तक 160 किलोग्राम गुलाल तैयार किया। जिसमें विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ की जय अम्बे महिला स्व सहायता समूह की 02 महिलाओं ने 50 किलोग्राम, विकासखण्ड खड़गवां की दुर्गा स्व सहायता समूह की 05 महिलाओं ने 50 किलोग्राम तथा विकासखण्ड भरतपुर की प्रगति स्व सहायता समूह की 04 महिलाओं ने 60 किलोग्राम गुलाल निर्मित किए हैं और अब तक 160 किलोग्राम गुलाल निर्माण किया। समूह की महिलाओं ने बताया कि गुलाल निर्माण हेतु उन्हें आवश्यक सामग्रियां स्थानीय बाज़ारों से आसानी से प्राप्त हो जाती हैं। अरारोट पाउडर में पालक, चुकंदर, हल्दी, गेंदे तथा पलाश के फूलों को उबालकर उन्हें छानकर मिलाया जाता है। प्राप्त मिश्रण को अच्छी तरह सुखाकर छानने के बाद उसमें रोज वॉटर, केवड़ा वॉटर जैसे प्राकृतिक सुगन्धक मिलाने के बाद हर्बल गुलाल तैयार होता है।

# कृषि विज्ञान केंद्र के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर, कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं सम्भावनाओं पर की विस्तृत चर्चा



**कोरिया।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र में संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का जायजा लिया तथा स्थापित इकाईयों का अवलोकन कर उपस्थित वैज्ञानिकों से कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं सम्भावनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. व्ही.एन. गौतम एवं समस्त विषय वस्तु विशेषज्ञ तथा अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री लंगेह ने इस दौरान केंद्र में हर्बल गुलाल प्रशिक्षण सह प्रसंस्करण कार्यक्रम में पहुंचकर स्व सहायता समूह की महिलाओं से हर्बल गुलाल निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। महिलाओं ने कलेक्टर को बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें आसपास उपलब्ध पौधे के फूल एवं सब्जियों की पत्तियों से अलग अलग प्राकृतिक रंग के हर्बल गुलाल के निर्माण की विधि का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें मुख्य रूप से सिन्दूर के बीज, पलाश के फूल, अपराजिता के फूल, हल्दी पावडर से, पालक की पत्तियों तथा चुकंदर से अलग-अलग रंग के हर्बल गुलाल बनाने के बारे में बताया गया है। कलेक्टर श्री लंगेह ने प्रशिक्षण में उपस्थित किसानों तथा समूह की महिलाओं को रूचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन तथा अन्य से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया। इस हेतु उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

# मनरेगा मजदूरी भुगतान का आधार बना आधार कार्ड, आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के बारे में जागरूकता हेतु आवश्यक बैठक





**जगदलपुर।** मिनिस्ट्री ऑफ रूरल डेवलपमेंट भारत सरकार ने 1 फरवरी से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत श्रमिकों के मजदूरी भुगतान आधार कार्ड आधारित पेमेंट सिस्टम के अनुसार करने निर्देश जारी किया गया है। यह सिस्टम आधार कार्ड को बैंक का खाता से लिंक होने पर कार्य करेगा। श्रमिकों को जिस बैंक में मनरेगा मजदूरी का भुगतान चाहिए, उस बैंक में जाकर अपना आधार नंबर को लिंक कराना होगा। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने जिले के मनरेगा से जुड़े अमलों को बैठक में दी। जिसके परिपालन में तोकापाल जनपद सीईओ ने ग्राम सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों की बैठक लेकर बैंक खाते से आधार कार्ड को लिंक करने की कार्यवाही करने कहा। जिले में इस वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक 16.10 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से वर्तमान में 87 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिए गए हैं। मनरेगा अंतर्गत जिले में कुल 2 लाख 54 हजार मजदूर पंजीकृत है, जिनमें से एक लाख 95 हजार मजदूरों के बैंक खाते से आधार लिंक है। 10 मार्च तक शत प्रतिशत मनरेगा मजदूरों के बैंक खाते से आधार लिंक कराने के निर्देश बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने दिए। जिसके परिपालन में जनपद पंचायत तोकापाल के ग्राम पंचायतों में आधार निर्माण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सचिव और रोजगार सहायकों को श्रमिकों के बैंक खाते को आधार आधारित भुगतान करने के लिए बैंक से संपर्क करने को कहा। इस कार्य मे बैंक को से आवश्यक सहयोग करने की अपील भी की गई है। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी ने पोस्ट आफिस में नए खाते खोल कर भुगतान करवाने की सलाह सचिव और रोजगार सहायकों को दिया। पोस्ट ऑफिस में खोले गए खाते 03 दिन में ही आधार आधारित भुगतान के लिए प्राप्त हो जा रहे है। यह सिस्टम कैसे काम करता है इसकी जानकारी मनरेगा जॉब कार्डधारी परिवारों को देकर जागरूक करने और आवश्यक सहयोग करने को कहा। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी पवन सिंह, जनपद पंचायत सीईओ, सहायक प्रोग्रामर जनपद पंचायत के अलावा ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।



लक्ष्मण पिल्लई
बस्तर रिपोर्ट

## जाने क्या है आधार इंबेल्ड पेमेंट सिस्टम

यह एक प्रकार की भुगतान प्रणाली है जो विशिष्ट पहचान संख्या पर आधारित होती है और आधार कार्ड धारकों को आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से निर्बाध रूप से वित्तीय लेनदेन करने की अनुमति देती है। एईपीएस बैंकिंग सेवा का उद्देश्य आधार के माध्यम से सभी को वित्तीय और बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराकर समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाना है ।

## एईपीएस प्रणाली द्वारा दी जाने वाली सेवाएं

नकद जमा, नकद आहरण, खाते में जमा शेष राशि की पड़ताल, एक आधार से दूसरे आधार में राशि स्थानांतरण, लेनदेन एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मनरेगा, आवास, पेंशन, एन.आर.एल.एम. इत्यादि के भुगतान डी. बी. टी. के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में जायेगा ।

## एईपीएस प्रणाली चालू करने के लिये क्या करें

हितग्राही को अपना आधार कार्ड, पासबुक के साथ बैंक में ले जाना होगा । तत्पश्चात आधार आधारित भुगतान की सहमति फॉर्म भरकर बैंक में जमा करना होगा। ये करने के बाद 24 घंटों के अंदर हितग्राही इस प्रणाली का लाभ ले सकते हैं।



# जगदलपुर के अंकित बिस्वास ने मिस्टर इंडिया क्लासिक फिजिक प्रतियोगिता की तैयारी की शुरू

लक्ष्मण पिल्लई

**जगदलपुर।** पिछले दिनों दुर्ग जिले के कुम्हारी में आयोजित प्रथम सीएम ट्रॉफी छत्तीसगढ़ राज्य ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में मिस्टर छत्तीसगढ़ फिजिक का खिताब और 75 किलोग्राम श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले जगदलपुर के अंकित बिस्वास ने मिस्टर इंडिया क्लासिक फिजिक प्रतियोगिता की तैयारी शुरु कर दी है। मिस्टर छत्तीसगढ़ फिजिक का खिताब प्राप्त करने वाले अंकित क्षेत्र के पहले बॉडी बिल्डर हैं। शिक्षा विभाग में लिपिक के पद पर कार्यरत अंकित प्रतिदिन सुबह लगभग एक घंटा और शाम को लगभग एक से डेढ़ घंटे वर्कआउट कर अपने शारीरिक सौष्ठव को और अधिक बेहतर बनाने के लिए परिश्रम कर रहे हैं, जिससे 15-16 अप्रैल को उत्तराखंड के नैनीताल में आयोजित मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता में इस क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।






# केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है : शिवसेना

लक्ष्मण पिल्लई बस्तर

**छत्तीसगढ़।** बालासाहेब ठाकरे द्वारा शुरू की गई शिवसेना को तोड़ने की नाकाम कोशिश लगातार केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। पक्ष प्रमुख महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन समाप्त करने के निर्णय के बाद भाजपा द्वारा लगातार शिवसेना को बदनाम करने की साज़िश रची गई। केंद्र की भाजपा शासित सरकार द्वारा ईडी सीबीआई का दुरुपयोग करके शिवसेना से जुड़े कई नेताओं को भय दिखाया गया। जो शिवसेना नेता बालासाहेब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए अपने इरादों पर अडिग हैं और जनता की सेवा में लगे हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है। बीते दिनों केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा दस्तावेजों को दरकिनार करते हुए एकपक्षीय निर्णय सुनाते हुए बाला साहेब ठाकरे द्वारा शुरू की गई शिवसेना को दो भागों में बांटने का कार्य किया गया। शिवसेना ने जिन नेताओं पर विश्वास रखा उनमें से कुछ लोगों का ईमान बिकाऊ निकला और उन्होंने शिवसेना के साथ गद्दारी किया। इस गद्दारी पर केंद्र सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग द्वारा सुनाया गया निर्णय पक्षपाती है। ऐसा आरोप लगाते हुए बस्तर ज़िला के शिवसैनिको ने महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के नाम बस्तर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को भंग करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवसेना बस्तर के उपाध्यक्ष चंचलमल जैन और जिला सचिव टिकेंद्र ऊके व स्थानीय शिवसैनिक उपस्थित रहें।

## फ्यूल स्टेशनों पर मुफ्त हवा सुविधा नही!

# जनसभा की पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय से शिक़ायत के बाद कार्यवाही आरंभ

लक्ष्मण पिल्लई बस्तर



छत्तीसगढ़ / बस्तर। जनसभा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पाण्डेय के कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया हैकी फ्यूल स्टेशन (पेट्रोल पंप ) पर लोगों को वाहन में हवा चेक करना या हवा भरवाने के लिए मुफ्त सेवा का प्रावधान है. हालांकि लोगों को इस बात की जानकारी नही होने के कारण फ्यूल स्टेशनों के संचालकों द्वारा इस सुविधा पर डाका डाला जाता है. इसलिए जरूरी है कि लोगों को पता हो कि उनका अधिकार क्या है, जिससे इसका फायदा लिया जा सके. अगर कोई पेट्रोल पम्प मुफ्त हवा की सुविधा देने से मना करता है तो उसके खिलाफ शिकायत की जा सकती है. इस शिकायत के आधार पर पेट्रोल पंप का लाइसेंस भी निरस्त किया जा सकता है. आम जनता ऐसे किसी पेट्रोल पम्प के खिलाफ यह बात शिकायत बुक में लिख सकते हैं या इसके लिए आनॅलाइन शिकायत की भी व्यवस्था है. जनसभा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने बस्तर संभाग के अंतर्गत इंडियन ऑयल द्वारा संचालित फ्यूल स्टेशनों पर मुफ्त हवा सुविधा नही दिए जाने की शिकायत भारत सरकार के पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय से की थी। जिस पर मंत्रालय द्वारा सीधे तौर पर गंभीरता से ध्यानाकर्षण करते हुए शिक़ायत दर्ज की गई। जिसका की शिकायत क्रमांक 1-786659881886 है। इस शिकायत के बाद मंत्रालय द्वारा इंडियन ऑयल के अधिकारियों से संपर्क किया गया जिसके बाद आम जनता को सभी फ्यूल स्टेशनों पर मुफ्त हवा सुविधा उपलब्ध हो साथ ही ऐसे लापरवाह फ्यूल स्टेशनों के संचालकों पर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# 488 दिनों का धरना बदला अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में, किसान सभा ने कहा: कोल इंडिया बदले अपनी रोजगार विरोधी नीतियों को

लक्ष्मण पिल्लई बस्तर




**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ द्वारा एसईसीएल के कुसमुंडा मुख्यालय के सामने पिछले 488 दिनों से दिया जा रहा धरना आज अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में बदल गया है। आज किसान सभा के जिला सचिव प्रशांत झा, भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के अध्यक्ष रेशम यादव और सचिव दामोदर श्याम भूख हड़ताल में बैठे।उनके समर्थन में गेवरा, दीपका और कुसमुंडा के सैकड़ों भू विस्थापित परिवारों ने भी धरना दिया। उल्लेखनीय है कि कुसमुंडा में बरसों पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरणों का निराकरण कर जमीन के बदले स्थायी रोजगार देने की मांग को लेकर किसान सभा के नेतृत्व पिछले दो वर्षों से लगातार आंदोलन किया जा रहा है। इस बीच एसईसीएल प्रबंधन ने रोजगार देने की अपनी नीति में बदलाव कर दिया है, जिसके कारण हजारों पात्र लोग रोजगार से वंचित हो गए हैं। किसान सभा के नेतृत्व में आंदोलनकारी भूविस्थापित इस नीति को मानने के लिए तैयार नहीं है और वे पुराने भूमि अधिग्रहण पर पुरानी नीति के अनुसार ही रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। इस मांग पर कोरबा में आंदोलन के दबाव में प्रबंधन झुका तो है, लेकिन उसके टाल-मटोल के कारण भूविस्थापितों को कोई राहत नहीं मिल रही है, जिससे इस क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल रहा है। किसान सभा के जिला सचिव प्रशांत झा का कहना है कि जिला प्रशासन और एसईसीएल के आश्वासन से थके भू विस्थापितों ने अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ग्रामीणों की बर्बादी और किसानों की लाशों पर एसईसीएल अपने मुनाफे के महल और उत्पादन के नए कीर्तिमान खड़े कर रहा है, लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस-भाजपा की सरकारों ने, जिला प्रशासन और खुद एसईसीएल ने इन विस्थापित परिवारों की कभी सुध नहीं ली और आज भी वे रोजगार और पुनर्वास के लिए संघर्ष कर रहे हैं। किसान सभा नेता ने कहा कि किसान सभा भूविस्थापितों के चल रहे संघर्ष में हर पल उनके साथ खड़ी रहेगी। भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के अध्यक्ष रेशम यादव और सचिव दामोदर श्याम ने कहा कि एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन द्वारा भू विस्थापितों की समस्याओं को गंभीरता से न लेने के खिलाफ वे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में बैठने के लिए मजबूर हुए हैं। एसईसीएल रोजगार देने के अपने वायदे पर अमल नहीं कर रहा है और जिला प्रशासन के कार्यालयों में सत्यापन और अन्य दस्तावेज तैयार कराने के लिए भू विस्थापित महीनों चक्कर काट रहे हैं।

## ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा से संबंधित सभी संरचनाओं को समय-सीमा में पूरा कराएं : कलेक्टर श्री लंगेह




**कोरिया।** महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के लिए आवश्यक संरचनाओं का निर्माण आगामी 31 मार्च के पहले तक पूरा कराएं। इसके साथ ही जिन आजीविका गतिविधियों को वर्तमान संरचनाओं की उपलब्धता के आधार पर प्रारंभ किया जा सकता है, उसे जल्द शुरू कराएं। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर कोरिया श्री विनय कुमार लंगेह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किए। गुरूवार को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में अमृत सरोवर मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, गोधन न्याय योजना, ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनाए जाने की प्रगति पर समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीइओ श्रीमती नम्रता जैन भी उपस्थित रही। समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जिले में स्वीकृत अमृत सरोवर मिशन के तहत तालाबों के कार्य पूर्णता पर विशेष ध्यान देकर कार्य पूर्ण कराएं। उन्होने नवीन तालाबों के निर्माण में ज्यादा श्रमिकों को नियोजित कर अमृत सरोवर के प्रत्येक कार्य को आगामी माह तक पूरा करने के निर्देश दिए।




विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा दिनांक 3 मार्च 2023 को स्कूली विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पोस्टर में दिए गए जानकारी अनुसार कृपया विद्यार्थियों की प्रविष्टियां दोपहर 3 बजे तक 8770665005 पर व्हाट्सएप्प के माध्यम से भेजें। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को क्रमशः

**प्रथम पुरस्कार – रू 5000/-**
**द्वितीय पुरस्कार – रू 3000/-**
**तृतीय पुरस्कार – रू 2000/-**

पुरस्कृत किया जाएगा।

### हल करने होंगे 100 प्रश्न, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जरूरी, 176 लोकेशन पर होंगी परीक्षा

# अग्निवीर सेना भर्ती परीक्षा, बदले नियम, कॉमन एंट्रेंस एग्जाम पास करने वाले ही दे सकेंगे फिजिकल

ग्वालियर

अग्निवीर सेना भर्ती की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी खबर है। सेना ने समय की मांग को ध्यान में रखते हुए भर्ती की प्रक्रिया में बदलाव किया है। नए पैटर्न पर उम्मीदवारों को सबसे पहले कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (CEE) को क्लीयर करना पड़ेगा। उसके बाद वह फिजिकल और मेडिकल सहित अन्य राउंड में आगे जा सकेगा। यह जानकारी सेना के रिक्रूमेंट सेल के कर्नल संतोष कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह होता था कि सबसे पहले फिजिकल, मेडिकल और आखिर में परीक्षा होती थी।

पर नए बदलाव के तहत पहले कॉमन एंट्रेंस एग्जाम होगा। इससे दो फायदे होंगे कि सेना को ताकत के साथ-साथ स्मार्ट अग्निवीर मिलेंगे जो की समय की मांग है। अब युद्ध के तरीके बदल गए हैं। आमने-सामने के युद्ध काफी कम होते हैं। दूसरा भर्ती के दौरान होने वाले फसाद लगभग न के बराबर रह जाएंगे।



कर्नल संतोष कुमार ने बताया कि बताया कि अब भर्ती का स्वरूप कुछ इस प्रकार रह जाएगा। कर्नल संतोष कुमार ने बताया कि पहले चरण में वे सभी उम्मीदवार जिन्होंने www.joinindianarmy.nic.in में अपना रजिस्ट्रेशन और आवेदन किया है, केवल वही उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होंगे। दूसरे चरण में विभिन्न राज्यों के भर्ती कार्यालयों द्वारा ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा या कॉमन एंट्रेंस एग्जाम में पास हुए उम्मीदवारों को उनके संबंधित एआरओ द्वारा एक ई-प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा, जिसमें रैली भर्ती के दूसरे चरण की तारीख और उसके स्थान की पूर्ण जानकारी दी जाएगी। ये सभी उम्मीदवार शारीरिक मापदंड परीक्षा में शामिल होंगे। शारीरिक मापदंड परीक्षा में पास उम्मीदवारों को मेडिकल टेस्ट देना होगा और उसके बाद मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी और अग्निवीरों को ट्रेनिंग के लिए सेंटर भेजा जाएगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 16 फरवरी 2023 से 15 मार्च 2023 तक भारतीय सेना की www.joinindianarmy.nic.in वेबसाइट पर खुला रहेगा। रजिस्ट्रेशन का तरीका पहले जैसा ही होगा। उम्मीदवार अपने आधार कार्ड और 10वीं के सर्टिफिकेट से रजिस्टर हो सकता है।

### एंट्रेंस के लिए रजिस्ट्रेशन कैसे कराएं, VIDEO यू-ट्यूब पर डाले हैं

सामान्य प्रवेश परीक्षा में 10 से 14 दिन पहले जॉइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर एडमिट कार्ड उपलब्ध हो जायेगा। इसकी सूचना उम्मीदवार को SMS और उसकी रजिस्टर मेल आइडी पर भी भेज दिया जाएगा। परीक्षा केंद्र का सही पता एडमिट कार्ड में लिखा होगा। पंजीकरण कैसे करें और ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में कैसे उपस्थित हों सभी पर सूचनात्मक VIDEO तैयार किए गए हैं और ज्वाइन इंडियन आर्मी की बेवसाइट (www.joinindianarmy.nic) तथा YouTube पर भी अपलोड किए गए हैं। उम्मीदवार वेबसाइट के माध्यम से मॉक टेस्ट भी दे सकते हैं। ऑनलाइन परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी। एंट्रेंस में पास होने के बाद उम्मीदवार को भर्ती रैली के लिए निश्चित स्थानों में बुलाया जायेगा। भर्ती रैली की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं होगा।

# नए लुक में दिखाई देगा जबलपुर स्टेशन, दो बिल्डिंगों के बीच भेड़ाघाट की तर्ज पर



जबलपुर

जबलपुर रेलवे स्टेशन अब विश्व स्तरीय बनने जा रहा है। जिसको लेकर तेजी से कवायद शुरू हो गई है। हालांकि एक साल पहले जबलपुर स्टेशन का रीडेवलपमेंट किया गया था। जिसमें 34 करोड़ खर्च किए गए थे। लेकिन अब 300 करोड़ों रुपए की राशि खर्च कर जबलपुर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का काम किया जाएगा। जिसकी डिजाइन फाइनल कर ली गई है। नए रेलवे स्टेशन में संगमरमर वादियों के बीच पानी की लहरें गिरती हुई दिखाई देंगी। जिसमें भेड़ाघाट का सौंदर्य दिखेगा।

रेलवे ने जबलपुर रेलवे स्टेशन की डिजाइन की जिम्मेदारी दिल्ली की एक निजी कंपनी को सौंपी थी। जिसमें निजी एजेंसी ने चार ड्राइंग बनाई थी। जिसमें पहली ड्राइंग में चौसठ योगिनी मंदिर की तस्वीर को बिल्डिंग पर दिखाया गया था। वहीं दूसरी ड्राइंग में नर्मदा नदी, तीसरी ड्राइंग में भेड़ाघाट की तस्वीर और चौथी ड्राइंग में जबलपुर के प्राचीन मंदिरों की झलक दिखाई गई थी। जिसमें से भेड़ाघाट के सुंदरता को दिखाती हुई तस्वीर को फाइनल किया गया है। जिसमें संगमरमर वादियों के बीच पानी की लहरें गिरती हुई दिखाई दे रही हैं।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक प्लेटफॉर्म 1 के बाहर बनी मुख्य बिल्डिंग को तोड़कर यहां दो नई बिल्डिंग बनाई जाएगी। बिल्डिंग को इस तरह तैयार किया जाएगा कि दो बिल्डिंगों के बीच से पानी की लहरें नीचे गिरेंगी। जिससे भेड़ाघाट का दृश्य बनता हुआ दिखाई देगा। जिस विहंगम दृश्य को देखकर भेड़ाघाट की की यादें ताजा होंगी और पर्यटन को बढ़ावा मिल सकेगा।

# विवाह सम्मेलन में दूल्हे की जमकर हुई धुनाई, फेसबुक में दोनों की हुई थी दोस्ती

जबलपुर

जबलपुर में दूल्हा और दुल्हन की दोस्ती फेसबुक से हुई थी। जिसके बाद दोनों विवाह सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। वहीं जब दोनों बात कर रहे थे। इसी दौरान सम्मेलन में आए लोगों की नजर दूल्हे पर पड़ी। जिसके बाद परिजनों ने दूल्हे के सम्मेलन में ही जमकर धुनाई कर दी।

दरअसल घटना रविवार रात की है जहां गोल बाजार में सोनी समाज का विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें दूल्हा पहले से विवाहित था। उसकी एक बेटी भी है। जिसका पत्नी से तलाक हो चुका है। दूल्हे ने सम्मेलन में आए दुल्हन को झूठा झांसा देकर अपने जाल में फंसाया। जिसके बाद स्थानीय लोग और परिजनों ने दूल्हे को दुल्हन से बात करके पहचान लिया। और दूल्हे की जमकर धुनाई कर दी। लार्डगंज थाना प्रभारी संध्या चंदेल के मुताबिक गोलबाजार में सोनी समाज का विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ था। जिसमें दूल्हे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

### पुलिस ने दूल्हे को हिरासत में लिया

हालांकि दोनों के बीच दोस्ती फेसबुक के माध्यम से हुई थी। वहीं स्थानीय लोगों और परिजनों को इस बात की भनक लगी तो सम्मेलन में दूल्हे की पिटाई कर दी। सोनी समाज के सम्मेलन में हुई मारपीट और हंगामा होने की खबर जैसे ही पुलिसकर्मियों को मिली लाईगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई और दूल्हे सत्यम सोनी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विश्वविद्यालय परिसर से काट दिया गया हरा-भरा पेड़

जबलपुर

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के परिसर से हरा-भरा पेड़ काट लिया गया। लेकिन जिम्मेदारों को भनक तक नहीं लगी। मामला विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास के पीछे कर्मचारियों के आवास के करीब लगे पेड़ का है। इस विशाल पेड़ को कुछ मजदूर छटाई के नाम पर पर काट देते हैं। कई घंटे यह कटाई का काम होता है लेकिन किसके इशारे पर यह काम हुआ। यह कोई नहीं जानता। इस क्षेत्र के कुछ लोगों ने पेड़ कटाई के फोटो और वीडियो भी सोशल मीडिया में बकायदा डाले हैं। रादुविवि के यंत्री अजय सिंह से पेड़ की कटाई को लेकर पूछा गया तो उनका कहना रहा कि उन्हें नहीं पता कि पेड़ की छंटाई करने का काम चल रहा है, वे अभी बाहर हैं।

# पुलिस का कॉम्बिंग गश्त, होली से पहले 8 घंटे में 352 गुंडों को चेक किया, 236 वारंट कराए तामील

ग्वालियर

ग्वालियर में होली के त्योहार से पहले ही पुलिस एक्शन में आ गई है। गुजरी रात पुलिस ने पूरे जिले में एक साथ कॉम्बिंग गश्त शुरू की। पुलिस आधी रात रात में हिस्ट्रीशीटरों के घर जा पहुंची। पुलिस का यह अभियान होली तक चलेगा। पुलिस को दरवाजे पर देख हिस्ट्रीशीटर की घिग्घी बंध गई।

पुलिस से बचने के लिए किसी ने खुद को चारपाई के नीचे छुपाया तो कोई पड़ोसी की छत पर जाकर जा छुपा, लेकिन पुलिस पूरी तैयारी से आई थी और जो जहां मिला वहां से दबोच लिया। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में रात को 8 घंटे में पुलिस न 352 गुंडों और निगरानीशुदा बदमाशों को चेक किया और 236



वारंट तामील किए हैं, जिसमें 87 स्थायी और 139 गिरफ्तारी वारंट हैं। एसएसपी अमित सांघी ने बताया कि बदमाशों पर लगाम लगाने के लिए रविवार-सोमवार दरमियानी रात पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर, बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाया और अभियान में आठ सैकड़ा अफसर और जवान शामिल रहे। कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस तीन सैकड़ा से ज्यादा पुराने बदमाशों के घर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने उन बदमाशों को पकड़ा है, जिनके स्थायी व गिरफ्तारी वारंट जारी हुए थे, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आ रहे थे।

### अवैध शराब, जुआ और सटोरियों को भी पकड़ा

पुलिस ने वारंटियों को पकड़ने के साथ ही 48 अवैध शराब की तस्करी करने वाले, सट्टा खिला रहे 10 सटोरियों, जुआ के 08 तथा अवैध हथियार के 4 प्रकरण में आरोपियों को पकड़ा। बदमाशों के खिलाफ यह अभियान बीती रात 12 बजे से शुरू किया गया। जिसमें एसएसपी अमित सांघी सहित सभी एएसपी व सीएसपी शामिल थे और जैसे ही एसएसपी सड़क पर आए, अभियान ने रफ्तार पकड़ ली और कुल 679 मामलों में कार्रवाई की है।

### डॉक्टर बोले - फूड पॉइजनिंग हुआ, एक बच्ची को ड्रिप चढ़ाना पड़ी

# सौंफ की पत्तियां खाकर 23 बच्चे हुए बीमार

जबलपुर

जबलपुर के खजरी प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले 23 बच्चे बीमार पड़ गए। सभी को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। बच्चों ने बताया कि स्कूल के पीछे लगे खेत में जाकर सौंप की पत्तियां खा ली थी। पत्तियां खाते ही उन्हें उल्टी और पेट में दर्द की शिकायत होने लगी।

108 एंबुलेंस से बच्चों को पनागर स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर इलाज किया गया। डॉक्टर ने बताया कि बच्चों को फूड पॉइजनिंग की शिकायत थी। ओआरएस का घोल दिया गया। एक बच्ची को ज्यादा दर्द था। उसे ड्रिप चढ़ाई गई।

खजरी प्राथमिक शाला के प्रिंसिपल ने बताया कि स्कूल से छुट्टी



होने के बाद कुछ बच्चे स्कूल के पीछे लगे खेत में गए थे। वहां से हरी पत्तियां तोड़कर लाए। इसके बाद और भी बच्चों ने खाया। पत्तियां खाते ही बच्चों की तकलीफ बढ़ गई। इसके बाद उनका इलाज करवाया। स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा ने बताया कि खेत से सौंफ की पत्ती तोड़कर एक लड़की ने लाया था, जिसे हम लोगों ने खाया और खाते ही पेट में दर्द होने लगा। बताया जा रहा है कि करीब 23 बच्चों ने पत्तियां खाई थी। जिन 11 बच्चों ने ज्यादा पत्तियां खाई थी, उन्हें ज्यादा पेट दर्द हो रहा था।

पनागर स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर संतोष ठाकुर ने बताया कि 108 से खजरी प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले 23 बच्चों को लाया गया था। बच्चों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत थी। करीब दो घंटे बाद बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### सौंफ की पत्तियां कम मात्रा में खाना फायदेमंद

जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. एमएल केवट ने बताया, सौंफ की पत्ती अगर कम मात्रा में खाया जाए, तो यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है। लेकिन, अधिक खा लो, तो इससे पेट दर्द हो सकता है। जैसा कि बच्चों के साथ हुआ। क्योंकि बच्चों ने इसे खाने की चीज समझकर ज्यादा खा लिया था।

# महिला कर्मचारी से ठगी, रेस्टोरेंट बिजनेस में पार्टनर बनाने का सपना दिखा हड़पे 16 लाख

ग्वालियर

ग्वालियर में सिंचाई विभाग में पदस्थ महिला कर्मचारी को रेस्टोरेंट बिजनेस में पार्टनर बनाने का सपना दिखाकर एक पहचान वाले ने 16 लाख रुपए की चपत लगा दी। रुपए लेने के बाद ना तो रेस्टोरेंट खुला ना ही रुपए लौटाए। घटना थाटीपुर स्थित शासकीय क्वार्टर की है। समय ज्यादा बीतने पर जब महिला ने पहचान वाले से अपने 16 लाख रुपए वापस मांगे तो वह आजकल में लौटाने की कहकर टहलाता नजर आया।

महिला कर्मचारी ने दबाव बनाया तो आरोपी ने कर्मचारी को चेक थमा दिए और जब कर्मचारी ने चेक बैंक में लगाए तो वह बाउंस हो गए। ठगी का अहसास होते ही महिला कर्मचारी ने थाने पहुंचकर शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### यह है पूरा मामला

ग्वालियर के थाटीपुर थाना क्षेत्र के सरकारी क्वार्टर में रहने वाली महिला कर्मचारी रश्मि सिरके सिंचाई विभाग में पदस्थ है। थाटीपुर थाना क्षेत्र में ही रहने वाले सौरभ राणा से काफी समय से अच्छी जान पहचान है। जून 2022 में सौरभ, रश्मि के सरकारी क्वार्टर पर आया और उन्हें बताया कि वह है यह नया रेस्टोरेंट खोल रहा है। उसे रेस्टोरेंट खोलने के लिए कुछ रकम की जरूरत है। उसने ऑफर दिया कि वह उसे रुपए उधार देकर उसकी मदद कर दे या फिर रेस्टोरेंट में पार्टनर बन जाए। महिला के रेस्टोरेंट बिजनेस में साझेदार बनाने का सपना दिखाया।

## इंग्लैंड को 258 का टारगेट दिया, एक रन से हराया

# न्यूजीलैंड फॉलोऑन के बाद जीतने वाली तीसरी टीमदूसरी पारी में 483 रन बनाए

वेलिंगटन

न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन टेस्ट में इंग्लैंड को एक रन से हरा दिया। फॉलोऑन खेलने के बाद जीतने वाली वह दुनिया की तीसरी टीम बनी है। भारत ने 2001 में कोलकाता टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। इंग्लैंड दो बार यह कारनामा कर चुका है। उसने 1881 और 1984 में फॉलोऑन खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया को हराया। यानी टेस्ट क्रिकेट में फॉलोऑन खेलकर जीतने की घटना 4 बार हो चुकी है।

टेस्ट में एक रन से जीत का इंट्रेस्टिंग फैक्ट 1993 में वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को एडिलेड टेस्ट में एक रन से मात दी थी। इसके 30 साल बाद न्यूजीलैंड ने यह करिश्मा किया है।

### एक नजर में देखिए सीरीज रिजल्ट

कीवियों की इस जीत के साथ ही दो मुकाबलों की यह सीरीज एक-एक से बराबर हो गई है। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रनों से जीता था। इंग्लैंड पहली पारी वेलिंगटन में 24 फरवरी को शुरू हुए टेस्ट में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। इंग्लैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 87 ओवर में 435 रन का स्कोर खड़ा किया। जो रूट और हैरी ब्रूक ने शतक लगाए। न्यूजीलैंड पहली पारी 209 रन बनाए। टिम साउदी हाईएस्ट स्कोरर रहे। उन्होंने 73 रन बनाए। स्टुअर्ट ब्रॉड ने 4 विकेट लिए। एंडरसन और लीच को 3-3 सफलताएं मिलीं। न्यूजीलैंड 226 रन से पिछड़ रही थी और ऐसे में इंग्लैंड ने उसे फॉलोऑन खेलने के लिए बुला लिया। न्यूजीलैंड दूसरी पारी कप्तान केन विलियम्सन ने 132 रन बनाए। ओपनर टॉम लाथम ने 83 और कॉनवे ने 61 रन की पारी खेली। डेरिल मिचेल (54) और टॉम बंडल (90) ने भी अर्धशतक बनाए। टोटल 483 रन पहुंच गया। इंग्लैंड दूसरी पारी टीम को 258 रन का टारगेट मिला। केवल जो रूट ही गेंदबाजों का सामना कर पाए। उन्होंने 95 रन की पारी खेली। पूरी टीम 256 रन पर सिमट गई और 1 रन से मैच हार गई। नील वेगनर ने 4 और साउदी ने 3 विकेट लिए।




### राहुल या गिल... कप्तान ने नहीं खोले पत्ते

इंदौर। केएल राहुल और शुभमन गिल इंदौर में एक साथ प्रैक्टिस करते नजर आए। कप्तान रोहित और कोच द्रविड़ दोनों की बैटिंग को गौर से देख रहे थे। इंदौर टेस्ट से पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अपने पत्ते छिपा कर रखे हैं। होलकर मैदान पर बुधवार को शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कौन करेगा, इस पर सस्पेंस अभी भी बरकरार है। मैच से एक दिन पहले हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब रोहित शर्मा से पूछा गया कि क्या केएल राहुल को उपकप्तानी से हटाया जाने के पीछे प्लेइंग-11 का कोई संकेत छिपा है? तो शर्मा ने कहा कि नहीं, उन्हें उप कप्तानी से हटाए जाने के पीछे कोई संकेत नहीं छिपा है। सेलेक्टर्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी के दो टेस्ट के लिए घोषित टीम में केएल राहुल को कप्तान नहीं बनाया। राहुल खराब फार्म से जूझ रहे हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे है कि इंदौर टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा के साथ केएल राहुल की जगह शुभमन गिल ओपनिंग करते नजर आएंगे।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट आज से, स्टीव स्मिथ करेंगे कंगारू टीम की कप्तानी






इंदौर

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। 4 मैचों की सीरीज के 2 मैच जीतकर भारत सीरीज में 2-0 से आगे है। तीसरा टेस्ट जीतने के साथ टीम इंडिया लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत लेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया इस मैच को जीतकर भारत में 19 सालों में दूसरी जीत दर्ज करना चाहेगा। भारत जहां अपनी फुल स्ट्रेंथ टीम के साथ उतरेगा, वहीं कंगारू टीम के कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया चले गए हैं। उनकी जगह उप कप्तान स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे। आगे स्टोरी में हम दोनों टीमों के हेड-टु-हेड रिकॉर्ड, पिच रिपोर्ट, वेदर कंडीशन और सीरीज के टॉप परफॉर्मर पर नजर डालेंगे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया लौट गए। वह तीसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे। उनकी जगह उप कप्तान स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे। टीम मैनेजमेंट कमिंस की जगह मिचेल स्टार्क को टीम में शामिल कर सकती है। भारत में स्टार्क का बॉलिंग रिकॉर्ड तो कुछ खास नहीं है, लेकिन बैटिंग से उन्होंने यहां 4 टेस्ट में 263 से रन बनाए हैं।? बॉलिंग से उन्हें इस दौरान 7 ही विकेट मिले।

### भारत में हावी टीम इंडिया

घरेलू मैदान पर टेस्ट में टीम इंडिया हमेशा से शानदार परफॉर्म करती आ रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी घर में दोनों के बीच 52 मैच खेले गए। 23 में भारत और 13 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। एक मुकाबला टाई रहा और 15 ड्रॉ रहे। इंदौर में दोनों के बीच कोई टेस्ट मैच नहीं हुआ, लेकिन भारत ने यहां 2 मुकाबले खेले और दोनों में ही जीत हासिल की।

# कारोबार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3540-3570, खोपरा गोला 120-140, खोपरा बूरा 2200-3700 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 290-300, ऊंझा हल्का 290-295, मीडियम 310-325, बेस्ट 350-360, हल्दी निजामाबाद 100-120, सांगली 160-162, साबूदाना हल्का 6200-6250, मीडियम 6300-6400, बेस्ट 6500-6600, सच्चा मोती 6875, सौंफ मोटी 160-180, मीडियम 185-200, बेस्ट 220-250, सौंफ बारी़क 190-225, कालीमिर्च एटम 545-555, गरबल 527-533, मटर दाना 575-590, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 155-160, बेस्ट 168-170, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 945-950, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरुद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्स्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 350-400, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 570-620, सिंगापुरी 560-570, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 375-550, बेस्ट 575-750, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्स्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1480-1500, मैदा कट्टा 1530-1550, रवा कट्टा 1560-1580, बेसन 3300 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1600-1650, (160) 2000-2050, (200) 2250-2300, (250) 2350-2400

**तेल :-** सींगदाना 1700-1720, मुम्बई 1700, राजकोट तेलिया 2680-2700, सोया साल्वेंट 1090-1095, सोया रिफाइंड 1111-1115, कपास्या 1025-1035, धूलिया 1035, कड़ी 1040,

**तिलहन :-** सरसों 6200-6400, रायडा 5000-5300, सोयाबीन 4800-5500, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600, चना कांटेवाला बेस्ट 4900-4950, एवरेज 4700-4800, विशाल 4700-4800, देशी 5300-5350, चना डॉलर 8500-8900,

## ग्रॉस वैल्यू ऐडेड यानी GVA 4.6% रहा है। एक साल पहली की समान तिमाही में ये 4.7%

# तीसरी तिमाही में GDP कम होकर 4.4% पर आई, दूसरी तिमाही में 6.3% दर्ज की गई थी

नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 4.4% की दर से बढ़ी है। सरकार ने मंगलवार शाम को इसके आंकड़े जारी किए। इससे पहले अप्रैल-जून में ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट यानी GDP ग्रोथ 13.5% और जुलाई-सितंबर (Qw) में 6.3% दर्ज की गई थी। वहीं पिछले साल की समान तिमाही में GDP ग्रोथ 5.4% थी।

ग्रॉस वैल्यू ऐडेड यानी GVA 4.6% रहा है। एक साल पहली की समान तिमाही में ये 4.7% रहा था। वहीं सरकार ने FY23 के लिए GDP ग्रोथ अनुमान को 7% पर बरकरार रखा है। 2021-22 के लिए




इकोनॉमिक ग्रोथ को पहले के 8.7त्न से रिवाइज कर 9.1त्न कर दिया गया है। इससे पहले RBI ने 2022-23 के लिए रियल जीडीपी ग्रोथ 6.8% और तीसरी तिमाही के लिए 4.4% रहने का अनुमान लगाया था। सरकार ने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में रियल जीडीपी 40.19 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो पिछले साल की समान तिमाही में 38.51 लाख करोड़ रुपए पर रही थी। ये 4.4% की ग्रोथ है। वहीं 2022-23 में नॉमिनल जीडीपी 69.38 लाख करोड़ पर पहुंच गई जो पिछले साल की समान तिमाही में 62.39 लाख करोड़ थी। ये 11.2% की ग्रोथ है। GDP इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सबसे कॉमन इंडिकेटर्स में से एक है। GDP देश के भीतर एक स्पेसिफिक टाइम पीरियड में प्रड्यूज सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को रिप्रजेंट करती है। इसमें देश की सीमा के अंदर रहकर जो विदेशी कंपनियां प्रोडक्शन करती हैं उसे भी शामिल किया जाता है। जब इकोनॉमी हेल्दी होती है, तो आमतौर पर बेरोजगारी का लेवल कम होता है। GDP दो तरह की होती है। रियल GDP और नॉमिनल GDPĐ रियल GDP में गुड्स और सर्विस की वैल्यू का कैलकुलेशन बेस ईयर की वैल्यू या स्टेबल प्राइस पर किया जाता है। फिलहाल GDP को कैलकुलेट करने के लिए बेस ईयर 2011-12 है। यानी 2011-12 में गुड्स और सर्विस के जो रेट थे उस हिसाब से कैल्कुलेशन। वहीं नॉमिनल GDP का कैलकुलेशन करंट प्राइस पर किया जाता है। प्राइवेट कंजम्पशन, G का मतलब गवर्नमेंट स्पेंडिंग, । का मतलब इन्वेस्टमेंट और NX का मतलब नेट एक्सपोर्ट है।

### एलन मस्क फिर दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी

वॉशिंगटन। टेस्ला के फाउंडर एलन मस्क ने फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की पोजिशन फिर से हासिल कर ली है। टेस्ला के शेयर 5.5% बढ़कर 207.63 डॉलर पर पहुंच गए है जिस कारण मस्क की नेटवर्थ बढ़ी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार मस्क की कुल नेटवर्थ 187.1 बिलियन डॉलर (करीब 15.4 लाख करोड़ रुपए) हो गई है।

## महाराष्ट्र विधानसभा में प्याज पर हंगामा

नासिक

देश के तमाम खुदरा बाजारों में प्याज 15 से 25 रुपए प्रति किलो तक बिक रही है, लेकिन एशिया के सबसे बड़े प्याज बाजार नासिक में किसानों को इसे 2 से 4 रुपए प्रति किलो में बेचना पड़ रहा है। पिछली साल किसानों ने इस समय में प्याज 20 रुपए किलो में बेचे थे। ऐसे में यहां अब किसान इस बार फायदा नहीं, नुकसान का हिसाब लगा रहे हैं। मंगलवार को NCP



विधायकों ने महाराष्ट्र विधानसभा में गले में प्याज की माला और सिर पर प्याज की टोकरी लेकर विरोध जताया। इससे पहले सोमवार को नाराज किसानों ने लासलगांव कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) में प्याज की नीलामी रोक दी थी। लासलगांव में प्याज बेचने आए किसान अनिल पंवार कहते हैं, 'एक एकड़ में करीब 50 क्विंटल प्याज होती है। 40 से 50 हजार रुपए लागत आती है। मौजूदा रेट पर तो 50 क्विंटल के 10 हजार ही मिलेंगे।' वहीं, ऑल इंडिया वेजिटेबल ग्रोवर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीराम गाडवे कहते हैं कि 12 से अधिक देशों में प्याज संकट है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)